Shri K. N. Tiwari suggested the formation of a high powered committee to look into the irregularaties in the Railway Department. I have to state that the high powered committee was constituted for laying down the policy of railways, of which the Hon. Member was a member and as such he knows the progress made in the matter. We have yet to take a decision as to how its recommendations should be implemented. I deny the necessity of forming a committee to investigate into the irregularities in the Railway Department.

The position in regard to conversion from Barauni to Katihar or to Gauhati is that considerable progress has already been made in the survey work and in some parts it has been completed. The survey for laying broad gauge line from Barauni to Katihar is being made and action in the matter would be commenced after the receipt of the report and its examination by the experts. We are quite earnest in the matter, We are surveying both the routes ; via Darbangha and via Muzaffarpur. There is no question of any action in respect of Raxaul to Narkatiaganj.

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों ने बहुत-सी बातें उठाई हैं और मंत्री महोदय को उनका सहानुभूतिपूर्वक परीक्षण करने के लिये कुछ समय लगेगा ।

श्री धीरेश्वर कलिता : जोगीघोपा से गौहाटी तक बरास्ता पंचरत्न, लाइन के बढ़ाने की क्या स्थिति है ?

Shri R. L. Chaturvedi : We are examining all that. By the end of Fourth Plan, we propose to provide III class sleeper coaches in the night trains.

श्री जि० मो० बिस्वास : हावड़ा से दिल्ली तक स्लीपर कोच स्पेशल के बारे में क्या स्थिति है ?

Shri R. L. Chaturvedi : Besides, we are trying to provide a third class air-conditioned coache. We have sought a report to that effect which is being examined.

An Hon. Member : The fare would be the same.

Shri R. L. Chaturvedi : That would be considered afterwards.

Another point was raised regarding Konkan and Hasan, Manglore lines. These lines would cost 50 crores of rupees and we feel that they are necessary. I can only give an assurance that suggestions to this effect would be considered. Decision on it would depend on the over all financial position.

Shri Dwivedy raised the question of a railway line for Paradeep Port. We hope it would be completed by 1972 and met in 1971 as assured earlier.

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे : यह पहला ही अवसर है कि एक उपमंत्री को अनुपूरक मांगों सम्बन्धी कार्य संसद् में सौंपा गया है, इसलिये हमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : सदन में और भी महत्वपूर्ण कार्य करने हैं।

श्री बलराज मधोक : मंत्री महोदय को दस मिनट और दिये जाएं ताकि वह सभी बातों का उत्तर दे सकें।

श्री रो० ला० चतुर्वेदी : सदस्यों द्वारा कई लाइनों का मामला उठाया गया है, जिनके बारे में मेरे पास जानकारी है, वह मैं अभी देता हूं।

गुना-मक्सी लाइन पर अच्छी प्रगति हुई है और उसके पूरा होने में देरी नहीं लगेगी। तिन्नेवेली-कन्या कुमारी लाइन का सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिसके पूरा होते ही उस पर विचार किया जायेगा।

श्री कामेश्वर सिंह : मान्सी के बारे में क्या स्थिति है ?

श्री रो० ला० चतुर्वेदी : उसकी जांच करने के पश्चात् मैं उन्हें बताऊंगा।

Shri Kameshwar Singh : If the erosion there is not prevented we shall not allow the line to be constructed.

श्री जि० मो० बिस्वास : दो बातों का उत्तर नहीं दिया गया।

Shri Satya Narain Singh : Our points have not been answered.

उपाध्यक्ष महोदय : जहां तक सम्भव था उन्होंने उत्तर दे दिया है। शेष मामलों पर वे ध्यान देंगे। मैं उन्हें सुझाव दूंगा कि वे सदस्यों के प्रश्न के उत्तर पत्रों द्वारा दें।

श्री रो० ला० चतुर्वेदी : ऐसा ही किया जायेगा।

श्री जि० मो० बिस्वास : मैं केवल एक बात कहना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य सहयोग दें। यदि आप चाहें तो विधिवत प्रस्ताव रख सकते हैं।

श्री नाथ पाई : नियम सभी के लिए हैं। मंत्री महोदय ने मेरे कटौती प्रस्ताव संख्या 54 का उल्लेख भी नहीं किया, अतएव मैं उस पर मतदान की मांग करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा कटौती प्रस्ताव संख्या 54 मतदान के लिये रखा गया

Cut Motion No. 54 was put

लोक-सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided

पक्ष में 35 : विपक्ष में 66

Ayes 35 : Noes 66

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ

The motion was negatived

श्री बे० कु० दास चौधरी : मेरे कटौती प्रस्ताव संख्या 50 और 51 पृथक् से मतदान के लिये रखे जाएं।

उपाध्यक्ष महोदय : जब आपको पुकारा गया था तब आप उपस्थित नहीं थे इसलिये वे रखे नहीं जा सके।

अब मैं शेष कटौती प्रस्ताव सभा के मतदान के लिए रखता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा अन्य सभी कटौती प्रस्ताव मतदान के लिए रखे गये और अस्वीकृत हुए

All the other cut motions were put and negatived

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा वर्ष 1969-70 के लिये अनुपूरक अनुदानों की निम्नलिखित मांगें (रेलवे) मतदान के लिये रखी गयीं तथा स्वीकृत हुयीं

The following Demands for Supplementary Grants (Railways) 1969-70 were put and adopted

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
2	"विविध व्यय"	1000
15	"चालू लाइन कार्य-निर्माण-पूंजी, मूल्य ह्रास आरक्षित निधि और विकास निधि"	2000

विनियोग (रेलवे) संख्या 5 विधेयक, 1969
APPROPRIATION (RAILWAYS) No. 5 BILL, 1969

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रो० ला० चतुर्वेदी) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि रेलवे के प्रयोजनों के लिए वित्तीय वर्ष 1969-70 की सेवा के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के भुगतान तथा विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलवे के प्रयोजनों के लिए वित्तीय वर्ष 1969-70 की सेवा के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के भुगतान और विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

श्री रो० ला० चतुर्वेदी : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि रेलवे के प्रयोजनों के लिये वित्तीय वर्ष 1969-70 की सेवा के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के भुगतान और विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलवे के प्रयोजनों के लिये वित्तीय वर्ष 1969-70 की सेवा के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के भुगतान और विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

उपाध्यक्ष महोदय : अब विधेयक पर खण्डवार विचार किया जाता है । प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2, 3, 1, अनुसूची, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक का अंग बनें ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

खण्ड 2, 3, 1, अनुसूची, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये

Clauses 2, 3, 1, the Scheduled, the Enacting Formula, and the Title were added to the Bill

श्री रो० ला० चतुर्वेदी : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

अतिरिक्त अनुदानों की मांगें (सामान्य) 1967-68
DEMANDS FOR EXCESS GRANTS (GENERAL) 1967-68

वर्ष 1967-68 के लिये अतिरिक्त अनुदानों की निम्नलिखित मांगें (सामान्य) प्रस्तुत की गईं

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
1	वाणिज्य मंत्रालय	99,592
4	रक्षा मंत्रालय	18,448
5	रक्षा सेवाएं—सक्रिय सेना	18,85,15,570
8	रक्षा सेवाएं—निष्क्रिय	75,03,436
21	स्टाम्प	14,04,444
26	पेशनें अन्य सेवा निवृत्ति लाभ	21,26,534
38	स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय	7,973
51	अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह	64,50,698
52	आदिम-जाति क्षेत्र	93,75,374
60	सूचना और प्रसारण मंत्रालय	30,414
71	विधि मन्त्रालय	92,584
83	सड़कें	13,80,433
95	डाक और तार—कार्यचालन व्यय	1,24,24,586
100	संसद विषयक विभाग	2,052
117	पेंशनों का राशीकृत मूल्य	13,18.710
125	गृह-मन्त्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय	7,19,365
128	बहुप्रयोजनी नदी योजनाओं पर पूंजी परिव्यय	47,45,330

अध्यक्ष महोदय : अब हम अतिरिक्त अनुदानों की मांगे लेंगे ।

श्री सेझियान (कुम्बकोणम) : मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि अतिरिक्त अनुदान और अनुपूरक अनुदान पर चर्चा एक साथ की जाये, जिससे तीन घण्टे के कुल समय में से सभी दलों को समय प्राप्त हो जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : यह सुझाव वस्तुतः रचनात्मक है किन्तु तकनीकी कठिनाई के कारण दोनों अनुदानों को एक साथ नहीं लिया जा सकता । अतः हम उन्हें उसी प्रकार लेंगे, जैसे वे कार्य सूची में दी गई हैं ।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : श्रीमान्, अतिरिक्त अनुदानों पर विचार करते समय ऐसा प्रतीत होता जैसे कि सरकार द्वारा जाने या अनजाने में किये गये सही या गलत खर्च की शव परीक्षा की जा रही है । मैं इस सम्बन्ध में अधिक न कहकर केवल यह बताना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के साथ अब भी अन्याय हो रहा है ।

[**श्री क० ना० तिवारी पीठासीन हुए**
Shri K. N. Tiwary in the Chair]

19 सितम्बर, 1968 को केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की जो सांकेतिक हड़ताल हुई थी उसमें 6 लाख से भी अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया था । प्रधान मंत्री ने यह घोषणा की थी कि हड़ताल करने वाले कर्मचारियों के साथ नर्मी बरती जाये । किन्तु आज तक लगभग 1000 से 12000 तक ऐसे कर्मचारी हैं, जो या तो निलम्बित हैं या नौकरी से हटाये जा चुके हैं । गृह मंत्री और प्रधान मंत्री ने सभा में कई बार आश्वासन दिये कि ऐसे सभी कर्मचारी काम पर पुनः ले लिये जाएंगे परन्तु दुख के साथ कहना पड़ता है कि यह आश्वासन पूरे नहीं किये गये । इनमें से किसी ने भी तोड़ फोड़ नहीं की थी फिर भी उन्हें क्यों नहीं लिया जा रहा है । मैं प्रधान मंत्री से यह अनुरोध करता हूं कि वह आज सभा में घोषणा करें कि ऐसे सभी कर्मचारी काम पर वापस लिये जाएंगे ।

दूसरी बात यह है कि सरकार ने वेतन आयोग नियुक्त करने का निर्णय किया है । यद्यपि हम वेतन आयोग का विरोध करते हैं क्योंकि उसके प्रतिवेदन को पंचनिर्णय की भांति नहीं माना जाता । हम तो चाहते हैं कि यह सम्पूर्ण मामला पंचनिर्णय के लिये सौंप दिया जाये । यदि वेतन आयोग ही नियुक्त किया जाना है तो उसके निदेश पदों की घोषणा करने से पूर्व सरकार के कर्मचारियों का विश्वास प्राप्त कर लेना चाहिये । हम चाहते हैं कि सरकार हमारे साथ इस बात पर विचार-विमर्श करे कि उक्त आयोग के सदस्य कौन होंगे और उनके निर्देश-पद क्या होंगे ।

जिन लोगों की सेवा में हड़ताल में भाग लेने के कारण व्यवधान आ गया है, उन्हें पदोन्नति, वार्षिक वेतन वृद्धि और छुटी आदि की सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं । रेलवे कर्मचारियों को पास और पी० टी० ओ० की सुविधा को वंचित कर दिया गया है । मैं प्रधान मंत्री से यह अनुरोध करता हूं कि 'सेवा में व्यवधान' की निर्योगिता को समाप्त कर दिया जाये । सरकारी कर्मचारी के लिये सेवा से व्यवधान का मामला बहुत ही गम्भीर होता है । मुझे आशा है कि प्रधान मंत्री केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को बेरोजगार होने से बचाएंगी । इन शब्दों के साथ मैं अतिरिक्त अनुदानों का समर्थन करता हूं ।

श्री उमानाथ (पुद्दुकोटे) : सभापति महोदय, श्रीमान् श्री बनर्जी ने सरकारी कर्मचारियों के बारे में जो कहा उससे मैं पूर्णतः सहमत हूं। वाद-विवाद या प्रश्नों के उत्तर में सरकार बार-बार यह कहती है कि उनके साथ नर्मी का व्यवहार किया जायेगा और उनके मामलों पर पुनः विचार किया जायेगा। यह सिलसिला लम्बे समय से चला आ रहा है। इन कर्मचारियों को नौकरी पर पुनः बहाल करने के लिये अथवा उनके विरुद्ध कार्यवाही रद्द करने के लिये केवल कार्यकारी आदेश न दिये जाएं, क्योंकि उनकी व्यवस्था अधिकारी लोग अपने-अपने अनुसार करते हैं। अपितु इस सम्बन्ध में स्पष्ट आदेश निकाले जाएं यदि सरकार ऐसे कर्मचारियों को पुनः काम पर ले भी लेती है, और सेवा में व्यवधान समाप्त नहीं करती तो भी सरकार की नम्र नीति का कोई लाभ नहीं होगा, क्योंकि ऐसा न करने पर उनकी नियोंग्यता तो फिर भी बनी रहेगी और उन्हें पदोन्नति, वरिष्ठता, वेतन वृद्धि आदि का लाभ न मिलेगा। अतः उनके सेवा में व्यवधान को माफ करने की सरकार को घोषणा करनी चाहिये। सरकार ने विभिन्न कर्मचारी संघों को मान्यता दे दी है। परन्तु सीमा शुल्क कर्मचारी संघ को अभी तक मान्यता नहीं दी गई है। उसे भी मान्यता दे दी जाये।

श्रीमान, मैं एक और बात की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। जब से संसद अस्तित्व में आयी है तभी से हम लोग किसी व्यक्ति विशेष के या सामान्य मामले के बारे में मंत्री महोदय के साथ पत्र-व्यवहार करते हैं और मंत्रीगण भी हमें उस सम्बन्ध में उत्तर देते आये हैं परन्तु अब कुछ कर्मचारियों के ऐसे मामले भी हुये हैं जिनके बारे में हमने मंत्रियों को लिखा था। उन लोगों को उनकी वेतन वृद्धि रोककर इस आधार पर दण्डित किया गया कि वे संसद सदस्यों के पास गये और उनके माध्यम से अभ्यावेदन दिया। एक मामले में सम्बन्धित कर्मचारी से पूछा गया कि आपका मामला संसद सदस्य के माध्यम से मंत्री के पास कैसे पहुंचा। उसने लिखित में बताया कि संघ के माध्यम से यह मामला संसद सदस्य और मंत्री के पास पहुंचा। इसके बावजूद उस कर्मचारी को दण्डित किया गया। यह बहुत ही आपत्तिजनक है। मैं चाहता हूं कि इस बारे में एक वक्तव्य दिया जाये। यदि किसी संसद सदस्य ने कोई मामला उठाया है तो उससे सम्बन्धित कर्मचारी को दण्डित नहीं किया जाना चाहिये। मैंने यह बात विशेष रूप से सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सम्बन्ध में कही है। जब डा० राम सुभग सिंह डाक तथा तार विभाग के मंत्री थे, उस समय इस आशय का एक परिपत्र जारी किया गया था कि हम लोगों को इसे उत्साहित नहीं करना चाहिये। मैंने श्री सत्य नारायण सिंह को भी इस सम्बन्ध में लिखा है।

तीसरी बात मैं सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के विभागीय कलाकारों के बारे में बताना चाहता हूं। तिरुचिरापल्ली और मद्रास, दिल्ली या कलकत्ते में काम करने वाले अनाउन्सरों को यद्यपि समान काम करना पड़ता है किन्तु उनके वेतनमानों में बहुत अन्तर है। उनके वेतनमानों को समान बनाया जाये और वेतनमान संशोधन पर लगे प्रतिबन्ध के आधार पर उनके साथ भेदभाव न किया जाये। इस प्रतिबन्ध के रहते हुये भी वेतनमान संशोधित किये जा रहे हैं। ड्रामा वायस को 1-10-1964 से जैसे भी हो 'क' और 'ख' श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाये। मैंने इस ओर मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट किया था और उन्होंने कहा था कि कुछ न कुछ किया जायेगा। मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस बात को भी स्पष्ट करें।

Shri Beni Shanker Sharma (Banka) : I oppose these Supplementary Demands for Grants. These Ministries are in the habit of spending more. They spend more than the amount allotted for them. It has become the habit of the Government to spend more.

It has been stated that the expenditure of the Ministry of Commerce and the Ministry of Information and Broadcasting has been raised because of increased expenditure on Travelling and overtime allowances.

India is a very poor country. I cannot understand why our officers travel by air and in air-conditioned trains. They are the reprensentative of the people. They should travel in third class with the general public. Government can arrange good type of sleeper coaches for them and in this way enough expenditure can be saved.

There is considerable scope of saving in many expenditures which are avoidable. There is a scope for reducing the expenditure which may appear to be justified, such as expenditure on Rashtrapati Bhavan can be reduced. Arrangement should be made to sow wheat crops in the lawns of Rashtrapati Bhavan.

The expenditure of the Ministry of Information and Broadcasting is on very high side. A. I. R. is being utilised for the benefit of one Party. I will request the Hon. Minister to be careful in this matter so that he may not have to request for additional grants in future.

Demands for additional grants have been made for roads also. But I am sorry to state that the conditions of some highways are so bad that it is very dangerous to travel on those roads. 90 per cent of the members in this House represent villages. But the condition of the roads in the villages are still bad. The conditions of the roads in the villages should be improved. There is still enough scope for reducing expenditure.

श्री लोबो प्रभु (उदीपी) : अधिक भुगतान से यह स्पष्ट होता है कि बजट व्यवस्था में कुछ त्रुटियां हैं। बजट में निर्धारित राशि से अधिक खर्च को दिखाने से पूर्व सरकार और मंत्रालय उक्त राशि को अनुपूरक बजट और विनियोग द्वारा समाप्त कर सकते हैं। निर्धारित राशि से अधिक धनराशि खर्च करने से यह स्पष्ट होता है कि हमारे बजट अधिकारी बजट बनाने में समर्थ नहीं हैं। वर्ष 1967-68 में अधिक खर्च की गई धनराशि के बारे में हमें दो वर्ष बाद जानकारी प्राप्त हुई। इस सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही की जानी चाहिये थी।

वाणिज्य मंत्रालय के अन्तर्गत विदेशों को भेजे गये प्रतिनिधि मंडलों पर खर्च की जाने वाली राशि में 46,000 रुपये की वृद्धि की गई है। मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि क्या इन प्रतिनिधि मंडलों से सरकार को कुछ लाभ होता है ? सरकार को इस सम्बन्ध में पूरी जांच करनी चाहिये और उन्हीं प्रतिनिधि मंडलों को विदेशों में भेजना चाहिये, जिनके विदेशों में भेजने से देश को कुछ लाभ हो। केवल एक मंत्रालय राजकोष से इस पर 2.46 लाख रुपया खर्च करता है, यह करदाताओं के प्रति अन्याय है।

प्रतिरक्षा पर व्यय अत्यावश्यक है, लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि उस पर फिजूलखर्ची की जाये। इस बारे में वित्त मंत्रालय और सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

देश के बहुत से पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को मूल्यों में वृद्धि होने और उसके परिणाम स्वरूप उनकी आय में कमी होने के बावजूद भी भत्ते नहीं मिल रहे हैं। जिससे उन्हें बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। केन्द्रीय सरकार ने अपने पेंशन प्राप्तकर्ताओं को कुछ रियायतें दी हैं लेकिन राज्यों में पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को बहुत कम रियायतें दी गई हैं।

राज्यों में पेंशन पाने वाले के लिये केन्द्रीय सरकार को कुछ सहायता देनी चाहिये। यदि ऐसा नहीं किया गया तो वे लोग आगामी चुनाव में इनके विरुद्ध कार्य करेंगे।

हमारे देश के देहाती क्षेत्रों में सड़कों की हालत बहुत खराब है। चौथी योजना में इसके लिये केवल 1 करोड़ रुपये नियत किये हैं, जो कि अपर्याप्त हैं। सरकार को देहाती क्षेत्रों में सड़कें बनाने के लिये और राशि देनी चाहिये। मैं समझता हूं कि यह केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार समाजवाद लाना चाहती है। देहात में लोग समाजवाद का अर्थ तभी समझेंगे, यदि उन्हें सड़कों जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसी प्रकार नदी तथा नालों पर पुल बनाये जाने चाहिये।

डाक तथा तार विभाग पर सदैव व्यय बढ़ता रहता है, परन्तु इसके कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ है। टेलीफोन कनेक्शन दिये जाने में बहुत विलम्ब होता है। यह कहा जाता है कि तारों की कमी है। मैं चाहता हूं कि इस मामले की जांच करने के लिये एक समिति नियुक्त की जानी चाहिये। हमें बताया गया है कि तार कारखानों की क्षमता बेकार पड़ी है।

योजना आयोग को अपने कार्य में सुधार करना चाहिये और राज्यों को ऋण देने में सावधानी बरती जानी चाहिये।

Shri Shiva Chandra Jha (Madhubani) : I oppose these excess demands for grants. Their arguments for these grants are unconvincing. First we take the grants in respect of Ministry of Commerce. It says that the increased expenditure on travelling allowance was due to payment of arrear bills of the Indian Airlines and more tours undertaken by officers during the last few months of the year as well as larger expenditure on overtime allowance than anticipated. It shows that money has been spent on work other than development work. Similar is the case of Ministry of Information and Broadcasting. The Ministry of Home Aflairs has asked for excess grants for purchase and distribution of tear smoke material. I want the Hon. Minister of clarify it. Is it for supression of people. It is imported. When people agitate to air their grievances, this tear gas is used against them. It is not proper.

All the demands except that of Defence Ministry are due to lavish and wasteful spending by Government. They talk of socialism too much. It cannot be brought about by deficit financing. Then they talk of green revolution, but it has no effect on our country's economy. The deficit financing should be stopped.

In regard P. L. 480 funds, the harmful thing is that a part of it is used by American Embassy in India and it results in deficit financing in this country.

These funds should be frozen by Government. Government should streamline its working and useless expenditure should be avoided. I oppose these Excess Demands of grants.

Shri Molahu Prasad (Bansgaon) : It was wrong budgeting by Government in 1967-68 that these excess grants have been presented now. I therefore oppose it.

This Government lays down very good policies, but it is very unfortunate that in implementation there are numerous defects. As a result we find great disparity and imbalance in development among various regions of our country. In this connection I want to draw their attention to the report of National Council of applied Economic and Research. Actually the method of evaluation of our Government is defective. It cares for the development of big cities. The wrong policies of Planning Commission are ruining this country.

The work regarding distribution of land should have been done immediately after the attainment of indcpendence. It is a sorry state of affairs that the zimindary system is still in existance in our country. Govcrnment should change its policies and give top priority for the welfare of common man in the country. Otherwise this Government will have to go.

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर): श्रीमान्, मैं देश के एक बड़े एकाधिपति श्री रामनाथ गोयनका के कुकृत्यों पर प्रकाश डालना चाहता हूं। इनके तथा इनकी सहायक कम्पनियों आदि के पास लगभग 92 लाख रुपये के शेयर आदि हैं। सरकार ने आदेश जारी करके शेयरों के सभी अग्रिम सौदों पर प्रतिबन्ध लगा दिया था, परन्तु इसके बावजूद कलकत्ता स्टाक एक्सचेंज ने सौदों की बकाया राशियों को ठीक नहीं किया है।

14 बड़े-बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण हो चुका है। इन बैंकों ने इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी को बहुत बड़ी-राशियां शेयरों के बदले दे रखी थीं। रिजर्व बैंक ने इन बैंकों को कोई आदेश नहीं दिया कि वे ऐसी राशि देना बन्द करें। या इस सम्बन्ध में हिसाब-किताब ठीक करें।

बहुत-सी कम्पनियों ने इंडियन आयरन के शेयरों में धन लगाया है। कम्पनी विधि विभाग को ऐसे सौदों की जांच करनी चाहिए।

श्री गोपालन द्वारा करोड़ों रुपये 90 लाख शेयरों के मार्जिन से बनाये गये हैं। उनकी आय का स्रोत क्या है? उनके 15 लाख शेयर पंजाब नेशनल बैंक के पास हैं। क्या सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। रिजर्व बैंक ने अगस्त, 1968 में पंजाब नेशनल बैंक को इन्हें 80 से 85 लाख रुपये देने से क्यों नहीं रोका। कलकत्ता के कुछ स्टाक दलालों के आयकर सम्बन्धी मामलों पर जांच के बाद जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है। यह समाचार मिला है कि $1\frac{1}{2}$ करोड़ रुपये के छिपे धन के उनके बेनामी शेयर हैं।

मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि श्री गोयनका के ऐसे कार्यों पर सरकार क्या कार्यवाही करने पर विचार कर रही है।

श्री क० लकप्पा (तुमकुर) : मैं वैदेशिक व्यापार के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं। इस व्यापार के नाम पर बहुत धोखेबाज व्यक्ति देश को हानि पहुंचा रहे हैं। वैदेशिक व्यापार ऐसे व्यक्तियों पर नियन्त्रण करने में असफल सिद्ध हो रहा है।

मैसूर में चन्नापटनम स्पिनिंग मिल से बम्बई के एक बड़े व्यापारी ने रद्दी रेशम राज्य के एक मंत्री से सांठगांठ करके गड़बड़ की है। इससे राज्य की मिलों को बहुत मुश्किल हुई है।

इस में वैदेशिक व्यापार मंत्रालय के नियमों का घोर उल्लंघन हुआ है। रेशम बोर्ड संशोधन विधेयक पर चर्चा के समय मैंने यह बात मंत्री महोदय के ध्यान में लायी थी परन्तु उन्होंने इस ओर कोई कार्यवाही नहीं की। मैं आशा करता हूं कि वह अब कुछ न कुछ अवश्य करेंगे।

बर्ड एण्ड कम्पनी, कलकत्ता के बारे में यहां अनेक बार प्रश्न उठाया गया है। सीमा-शुल्क विभाग ने इस कम्पनी के यहां मार्च, 1963 में छापे मारे थे। उसके बाद कम्पनी के स्वामित्व के हस्तान्तरण के बारे में कुछ वायदे किये गये थे। परन्तु इसके बावजूद वे वायदे पूरे नहीं किये गये। मार्च, 1965 में कम्पनी पर भारी जुर्माना किया गया था, परन्तु कम्पनी के पास धन नहीं था। इसके अतिरिक्त कम्पनी ने धोखे वाले और भी अनेक कार्य किये।

एक व्यक्ति, जिनका नाम श्री प्राण प्रसाद है, मंत्रालय में कम्पनी के लिये बहुत प्रयत्न कर रहे हैं।

ऐसी बातों के लिये कौन जिम्मेदार है ?

हमारे देश से अनेक व्यापार प्रतिनिधिमंडल विदेशों को जाते हैं। उन पर बहुत व्यय होता है। इस मंत्रालय के कार्यकरण की जांच होनी चाहिये।

मेरे राज्य में केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई राशियों का बहुत दुरुपयोग किया गया है। मैसूर के कुछ अकाल ग्रस्त क्षेत्रों में केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई राशि किसानों को नहीं दी जाती। इस प्रकार की धांधलियां चेक करने के लिये कोई एजेन्सी होनी चाहिये।

मैसूर में सरकारी धन का पार्टी के कार्यों में प्रयोग हो रहा है। यह बहुत अनुचित है। सरकार को यहां से कुछ अधिकारी भेज कर जांच करनी चाहिये। उनकी रिपोर्ट सभा-पटल पर रखी जाये। मंत्री महोदय आश्वासन दें कि सरकारी धन का पार्टी के कार्य में प्रयोग नहीं होगा।

वित्त मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री प्र० चं० सेठी) : कुछ माननीय सदस्यों ने बजट बनाने की प्रणाली की कड़ी आलोचना की है। हमें ध्यान रखना है कि बजट तैयार करने में पूर्व अनुमान लगाने पड़ते हैं। इसके अतिरिक्त नई-नई समस्याएं खड़ी होना भी स्वाभाविक है। मैं बताना चाहता हूं कि 1967-68 के बजट के कुल 148 अनुदानों में कुल 20 मदों में अतिरिक्त व्यय हुआ। इनके अन्तर्गत कुल 26.06 करोड़ रुपये हैं। फिर भी 171.03 करोड़ रुपये की बचत हुई है। कुछ मामलों में अतिरिक्त व्यय होना आवश्यक है। जैसे कि राज्यों की योजनाओं के लिये अग्रिम राशियों के बारे में।

प्रतिरक्षा मन्त्रालय को कुछ माल खरीदना होता है और उसका विनियोजन अनेक कार्यालयों को करना होता है। इस प्रकार कई बार व्यय अनुमान से अधिक हो जाता है।

डाक तथा तार में स्टोर आदि खरीदने पर अधिक व्यय हुआ है। कुछ माननीय सदस्यों ने वैदेशिक व्यापार मन्त्रालय के प्रतिनिधि मंडलों के विदेश में जाने पर होने वाले व्यय की आलोचना की है। इस बारे में मैं कहना चाहता हूं कि जब आवश्यक होता है तो प्रतिनिधि-

मंडल भेजे जाते हैं और उन पर होने वाले व्यय का पूर्व अनुमान लगाया जाता है। कई बार अनुमान से अधिक भी व्यय हो जाता है। वैसे हमारे निर्यात में काफी बृद्धि हुई है। वैदेशिक मन्त्रालय इसके लिये सराहना का पात्र है।

श्री बनर्जी ने सरकारी कर्मचारियों के प्रश्न को विशेष रूप में उठाया है और इस मामले को भी उठाया है कि सभा पटल पर माननीय गृह मन्त्री द्वारा दिए गए आश्वासनों पर उचित रूप से कार्यवाही नहीं की गयी है। परन्तु मेरी जानकारी के अनुसार हड़ताल पर जाने वाले लगभग दो लाख कर्मचारियों में से केवल 800 निलम्बित कर्मचारियों के मामले तय करने शेष रह गए हैं जिन पर शीघ्र ही निर्णय होने की आशा है।

सेवा-भंग करने के मामले को सामान्य रूप में क्षमा कर दिया जायेगा यदि कर्मचारी का व्यवहार 5 वर्ष तक सन्तोषजनक पाया गया, परन्तु यदि कर्मचारी इस अवधि में सेवा निवृत्त होने वाला है तो इस मामले में या तो छूट दे दी जायेगी अथवा इस पर विचार ही नहीं किया जायेगा। गृह मन्त्रालय में इस मामले पर विचार हो रहा है।

Shri S. M. Joshi (Poona) : The Employees who went on strike in accordance with the resolutions of the Trade Unions since recognised by Government have been taken back in their services, but break in their services would mean victimisation of the concerned employees. Since Government have restored recognition to the Trade Unions and Pay Commission is also going to be appointed. Government should adopt policy of Cooperation with their employees.

श्री तेन्नेटी विश्वनाथम (विशाखापत्तनम) : 1960 की हड़ताल पर गए लगभग दो से तीन हजार कर्मचारियों की सेवा में किए गए भंग को अभी तक क्षमा नहीं किया है।

श्री स० मो० बनर्जी : इस सम्बन्ध में माननीय गृह मन्त्री तथा प्रधान मन्त्री ने आश्वासन दिए हैं। गृह मन्त्री ने संचार मन्त्री को प्रेषित अपने अन्तिम पत्र में लिखा है कि उन व्यक्तियों को जिनका हिंसा के मामलों में सीधा सम्बन्ध नहीं है, नौकरियों पर बहाल कर लिया जाये, परन्तु इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है। यह पत्र अन्य समस्त मंत्रालयों में भेजा गया था।

सेवा में भंग आने से वास्तव में तीन लाख से अधिक कर्मचारी प्रभावित होंगे, किन्तु जो कर्मचारी सेवा-निवृत होने वाले हैं, उनको इस मामले में क्षमा कर देना चाहिए। परन्तु देखा गया है कि कोई पदोन्नति नहीं होगी तथा ना ही किसी प्रकार की वेतन वृद्धि होगी, और अधिकारी इसका पूर्ण लाभ उठा रहे हैं। इसलिए जब वेतन आयोग की नियुक्ति होने जा रही है तो इन सब मामलों को नये सिरे से आरम्भ करना चाहिए। प्रधान मन्त्री ने इस सम्बन्ध में आश्वासन दिया था ..... **(व्यवधान)** अतः उन्हें कोई वक्तव्य देना चाहिए।

श्री प्र० चं० सेठी : इस बारे में माननीय सदस्यों ने जो उत्सुकता दिखाई, मैं उसका आदर करता हूं। परन्तु मेरे पास जो भी सूचना या जानकारी थी, मैं पहले ही सदन में प्रस्तुत कर चुका हूं। इन मनोभावों को मैं अवश्य ही प्रधान मन्त्री एवं गृह मंत्री के समक्ष भेज दूंगा।

श्री विश्वनाथ मेनन (एर्नाकुलम) : सीमा शुल्क विभाग के कर्मचारियों के सम्बन्ध में क्या हुआ है।

जहां तक सीमा शुल्क विभाग के कर्मचारियों का सम्बन्ध है, यह तो सच है कि सीमा-शुल्क उत्पादन शुल्क विभाग के कर्मचारी संघ को मान्यता देने का मामला अभी निलम्बित पड़ा है। इस सम्बन्ध में गृह मन्त्रालय से बातचीत चल रही है तथा आशा है कि इस पर शीघ्र ही निर्णय हो जायेगा।

वेतन आयोग के निर्देश पद तथा इसके सदस्यों के बारे में अभी निर्णय करना बाकी है। वेतन आयोग की नियुक्ति के बारे में सदन को सूचना दी जा चुकी है, हमने मान्यताप्राप्त कुछ कर्मचारी संघों से निर्देश पदों के बारे में राय मांगी है। उनके उत्तर प्राप्त करने के पश्चात् ही निर्देश पद का निर्धारण किया जायेगा और तभी माननीय सदस्य इन्हें भली प्रकार जान सकेंगे। ऐसी स्थिति में यह आश्वासन तो नहीं दिया जा सकता कि वेतन आयोग के प्रतिवेदन को बन्धकारी अथवा पंचाट के रूप में माना जायेगा। वेतन आयोग की नियुक्ति सम्बन्धी सरकार द्वारा अपनाई गई नीति को ध्यान में रखते हुए इस बात का निर्णय किया जायेगा।

अन्तरिम सहायता तो इनकी सिफारिशों का एक भाग ही मानी जा सकती है। वेतन आयोग की इस सिफारिश पर भी सरकार अवश्य विचार करेगी।

कर्मचारियों की कठिनाइयों के बारे में संसद सदस्यों द्वारा मन्त्रियों को लिखे गए पत्रों का प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है और सदन को इस सम्बन्ध में स्पष्ट निर्णय करना चाहिये। वस्तुतः यह प्रत्येक मामले के गुणावगुणों पर निर्भर करता है। इस सम्बन्ध में परिपत्र जारी कर दिए गये हैं और अनुदेश दे दिए हैं कि अधीनस्थ अधिकारी अथवा कर्मचारी को यदि किसी प्रकार की कठिनाई हो तो उच्च अधिकारी उस पर विचार करके अपना निर्णय दे। तथापि स्थानान्तरण और नियुक्ति के मामले में जहां तक सम्भव हो प्रोत्साहन न दिया जाय। तथापि जहां अधीनस्थ अधिकारियों अथवा कर्मचारियों पर अत्याचार हो या उनकी पदोन्नति में बाधा हुई हों या ऐसे और किसी प्रकार के मामले हों तो सरकार तथा सम्बद्ध विभाग का कर्त्तव्य है कि वह ऐसे मामलों से सम्बन्धित न केवल संसद सदस्यों के पत्रों पर अपितु सार्वजनिक व्यक्तियों के पत्रों पर भी विचार करे।

श्री क० लकप्पा (तुमकुर) : एक केन्द्रीय परिपत्र के अनुसार सत्रावसान की अवधि में एन० ई० एस० के खण्ड के समस्त कार्यक्रमों की सूचना संसद सदस्यों को दी जानी चाहिए और उन्हें उन सब कार्यक्रमों में भाग लेने को कहा जाए। परन्तु तुमकुर जिले के जिलाधीश ने इस क्षेत्र के कार्यक्रमों की मुझे बिल्कुल सूचना नहीं दी और केन्द्रीय परिपत्र की अवमानता की। मेरे बार-बार शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

श्री प्र० चं० सेठी : सदन में चल रहे अतिरिक्त अनुदानों के मामले से इस बात का कोई सम्बन्ध नहीं है, फिर भी इस बात को ध्यान में रखूंगा।

देहली तथा अन्य क्षेत्रों के व्यावसायिक कलाकारों द्वारा उठाये गए प्रश्न को वित्त मंत्रालय ने पहले ही अवमान्य कर दिया है, फिर भी इस मामले की बाद में जांच करवा लेंगे ।

ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के विकास का जहां तक प्रश्न है, यह एक राज्य सरकारों का मामला है । राज्यों की योजनाओं को अन्तिम रूप देते समय योजना आयोग इस मामले की आवश्यकताओं पर अवश्य ध्यान देगा ।

श्री लोबो प्रभु : केन्द्र को चाहिए कि वह इस प्रयोजन के लिए अनुदान दे ।

श्री उमानाथ (पुद्दकोटै) : कर्मचारियों को दण्डित करने के प्रश्न, जो हमने उठाया था, के बारे में मंत्री महोदय के अन्तिम विचार क्या हैं ? यदि कोई अभ्यावेदन निष्कपट रूप में किया जाये तो कर्मचारियों को इसके लिए दण्ड दिया जाता है । अतः इस बारे में सरकार की अन्तिम स्थिति क्या है ?

श्री प्र० चं० सेठी : पहले कहा जा चुका है कि यदि कर्मचारियों का कोई वास्तविक ऐसी शिकायत है कि उस पर अत्याचार किया जा रहा है अथवा उसके हितों की उपेक्षा के मामलों के बारे में सम्बद्ध विभाग तथा मंत्री महोदय अवश्य ही ध्यान देंगे ।

श्री स० मो० बनर्जी : किन्हीं वास्तविक तथा समवेदनशील मामलों में, चाहे वह स्थानान्तरण का ही क्यों न हो, सीधे आदेश होने चाहिए कि किसी भी कर्मचारी को इस कारण किसी प्रकार से तंग नहीं किया जायेगा ।

गृह मंत्रालय द्वारा अश्रु गैस पर अतिरिक्त धन व्यय करने के प्रश्न के सम्बन्ध में समस्त संसद् सदस्यों के सहयोग की आवश्यकता है और वे इस बात पर भी ध्यान दें, जिससे देश में अश्रु गैस का कम प्रयोग हो ।

Shri Molahu Prashad (Bansgaon) : The Zamindari system has not been abolished fully in the country. In order to solve this problem and to amend the criminal laws all the State Agriculture and Home Ministers should be called here and the matter should be decided in consultation with them. Similarly the question of minimum wages should be solved in the conference of the State Lahour Ministers. Then only this problem could be solved.

श्री प्र० चं० सेठी : मैं माननीय सदस्य के सुझावों के प्रति कृतज्ञ हूं । इण्डियन आयरन कम्पनी में गोयंका के शेयरों के प्रश्न के बारे में मैं इतना ही कहूंगा कि हम सरकार की अतिरिक्त मांगों पर चर्चा कर रहे हैं, गोयंका की अतिरिक्त मांगों पर नहीं । अतः इस मामले से सम्बन्धित मैं किसी प्रकार का उत्तर नहीं दे सकता । परन्तु यदि इस सम्बन्ध में कोई विशिष्ट प्रश्न किया जायेगा तो मैं स्थिति को अवश्य ही स्पष्ट करूंगा ।

कुछ सिल्क कम्पनियों तथा मंत्रियों के बीच चल रहे मामलों का उल्लेख किया गया है और बताया गया है कि वैदेशिक व्यापार मंत्रालय इनकी सहायता कर रहा है । यह प्रश्न भी उठाया गया है कि राज्य सरकारों के लेखों जोखों को देखने के लिये हम किसी अधिकारी को

नियुक्त कर सकते हैं ? इस बारे में वर्तमान परिस्थिति के परिवेश में कोई भी अधिकारी राज्य सरकार के लेखे जोखे देखना पसन्द नहीं करेगा । परन्तु यदि किसी माननीय सदस्य को इस बारे में कोई विशिष्ट शिकायत मिली हो तो वह मुझे दे दें । यदि केन्द्रीय सरकार का मामला होगा तो हम देखेंगे यदि राज्य सरकार से सम्बन्धित हो तो तत्सम्बन्धी राज्य सरकार को भेज देंगे ।

श्री क० लकप्पा : विभिन्न अकालराहत कार्यों के लिए जो केन्द्रीय अनुदान दिये जाते हैं तो राज्य सरकार ने कुछ अधिकारियों तथा मंत्रियों से गठजोड़ करके निधियों का दुरुपयोग किया है और उन्होंने कहा है सड़कों का निर्माण किया जायेगा और रुपया ठेकेदारों को पहुंचा दिया है और रुपया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अहमदाबाद अधिवेशन के लिये ले लिया है । यही एक विशेष आरोप था ।

सभापति महोदय द्वारा वर्ष 1967-68 के लिये अतिरिक्त अनुदानों की निम्नलिखित मांगें (सामान्य) सभा के मतदान के लिये रखी गईं तथा स्वीकृत हुईं ।

The following Demands for Excess Grants (General) for the year 1967-68 were put and adopted.

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
1.	वाणिज्य मंत्रालय	99,592
4.	रक्षा मंत्रालय	18,443
5.	रक्षा सेवाएं—सक्रिय सेना	18,85,15,570
8.	रक्षा सेवाएं—निष्क्रिय	75,03,436
21.	स्टाम्प	14,04,444
26.	पेंशनें और अन्य सेवा निवृत्ति लाभ	21,26,534
38.	स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय	7,973
51.	अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह	64,50,698
52.	आदिम-जाति क्षेत्र	93,75,374
60.	सूचना और प्रसारण मंत्रालय	30,414
71.	विधि मंत्रालय	92,584
83.	सड़कें	13,80,433
95.	डाक और तार—कार्य चालनव्यय	1,24,24,596
100.	संसद् विषयक विभाग	2,052
117.	पेंशनों का राशीकृत मूल्य	13,18,710
125.	गृह मंत्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय	7,19,365
128.	बहुप्रयोजनी नदी योजनाओं पर पूंजी परिव्यय	47,45,330

विनियोग (संख्या 5) विधेयक—1969
APPROPRIATION (NO. 5) BILL—1969

श्री प्र० चं० सेठी : मैं प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 1968 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान कतिपय सेवाओं पर, उन सेवाओं के लिये तथा उस वर्ष के लिये दी गई धनराशियों के अतिरिक्त, व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि 31 मार्च, 1968 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान कतिपय सेवाओं पर उन सेवाओं के लिये तथा उस वर्ष के लिये दी गई धनराशियों के अतिरिक्त, व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

श्री प्र० चं० सेठी : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

मैं प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 1968, को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान कतिपय सेवाओं पर उन सेवाओं के लिये तथा उस वर्ष के लिये दी गई धनराशियों के अतिरिक्त, व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि 31 मार्च 1968, को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान कतिपय सेवाओं पर उन सेवाओं के लिये तथा उस वर्ष के लिये दी गई धनराशियों के अतिरिक्त, व्यय की गई राशियों को पूरा करने के लिये भारत की संचित निधि से राशियों के विनियोग का अधिकार देने की व्यवस्था करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

सभापति महोदय : प्रश्न यह है कि : "खण्ड 1 से 3, सूची, अधिनियमन सूत्रतथा विधेयक का नाम, विधेयक का अंग बने ।"

That clauses 1 to 3, the Schedule, the Enacting Formula and the Title stand part of the Bill

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 1 से 3, सूची, अधियिमन सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिए गये

Clauses 1 to 3, the Schedule, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill

श्री प्र० चं० सेठी : मैं प्रस्ताव करता हूं कि विधेयक को पारित किया जाए ।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

अनुदानों की अनपूरक मांगें (सामान्य) 1969-70

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL) 1969-70

वर्ष 1969-70 के लिये अनुपूरक अनुदानों की निम्नलिखित मांगें (सामान्य) प्रस्तुत की गईं

मांग संख्या	शीर्षक		राशि
			रुपये
	(वित्त मंत्रालय)		
14.	वित्त मंत्रालय	...	5,70,000
	(गृह कार्य मंत्रालय)		
51.	दिल्ली	...	2,12,40,000
	(औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार और समवाय मंत्रालय)		
58.	औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार और समवाय मंत्रालय	...	4,97,000
	(सिंचाई और बिजली मंत्रालय)		
67.	सिंचाई और बिजली मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	...	1,000
	(पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय)		
88.	पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	...	44,00,000
	(संसदीय कार्य विभाग)		
96.	संसदीय कार्य विभाग	...	2,68,000
	(संसद)		
100.	लोक सभा	...	54,57,000
101.	राज्य सभा	...	21,70,000
	वित्त मंत्रालय		
110.	वित्त मंत्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय	...	14,25,00,000
112.	केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये जाने वाले ऋण और अग्रिम	...	1,000
	(सिंचाई और बिजली मंत्रालय)		
124.	सिंचाई और बिजली मंत्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय	...	80,00,000

अनुपूरक अनुदानों की मांगें (सामान्य) के सम्बन्ध में निम्नलिखित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
14	32	श्री कंवर लाल गुप्त	बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने के पश्चात् कोई अनुवर्ती कार्यवाही करने में सरकार की विफलता ।	100 रुपये
14	33	श्री कंवर लाल गुप्त	राष्ट्रीयकृत बैंकों को कुशलतापूर्वक चलाने में सरकार की विफलता ।	100 रुपये
51	36	श्री कंवर लाल गुप्त	दिल्ली परिवहन उपक्रम और अन्य कार्यों के लिये दिल्ली नगर निगम को अधिक ऋण देने में सरकार की विफलता।	100 रुपये
58	41	श्री कंवर लाल गुप्त	प्रमुख व्यापारिक समवायों के विरुद्ध वे जिनका चोर बाजारी में हाथ है, और उन अफसरों के विरुद्ध, जो उन्हें गुप्त रूप से सहयोग दे रहे हैं, कार्यवाही करने में विफलता ।	100 रुपये
14	50	श्री लोबो प्रभु	एक अनावश्यक कार्य, जिसे काफी हद तक रिजर्व बैंक को सौंपा जा सकता था, में कमी करना ।	100 रुपये
58	52	श्री लोबो प्रभु	कार्य के अनावश्यक वितरण के कारण होने वाला व्यय।	100 रुपये
88	55	श्री लोबो प्रभु	एयर-इंडिया की भाड़ा दरों और सेवाओं के प्रतियोगी गुणों में गिरावट ।	100 रुपये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
96	56	श्री लोबो प्रभु	राजनीतिक कारणों से किया जाने वाला व्यय जिनसे सरकार को अनुचित लाभ भी होता है।	100 रुपये
112	57	श्री लोबो प्रभु	भारत-सोवियत उद्यमों की गलत योजना और प्रबन्ध।	100 रुपये
124	58	श्री जनेश्वर मिश्र	इलाहाबाद के श्रृंगवेर पुर जल-विद्युत् परियोजना इलाहाबाद, के कार्यान्वियन में देरी और लापरवाही।	100 रुपये
14	72	श्री ओ० प्र० त्यागी	भूमि हीन तथा असहाय लोगों को ऋण देने में बैंकों की असफलता।	100 रुपये
14	73	श्री ओ० प्र० त्यागी	ग्राम क्षेत्रों में बैंक स्थापित करने में ढिलाई।	100 रुपये
110	82	श्री लोबो प्रभु	राष्ट्रीयकृत बैंकों से अर्जित परिसम्पत्ति के लिये कम अदायगी।	राशि घटा कर 1 रुपया कर दी जाये
124	83	श्री ओ० प्र० त्यागी	ग्राम्य क्षेत्रों को सस्ती दरों पर तथा आवश्यकताओं के अनुसार बिजली देने में असफलता।	100 रुपये
124	84	श्री ओ० प्र० त्यागी	औद्योगिक और आर्थिक विकास केवल शहरी क्षेत्रों तक में सीमित रखना और ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा।	100 रुपये
14	87	श्री ओ० प्र० त्यागी	विदेशी बैंकों का राष्ट्रीय-करण करने में सरकार की असफलता।	100 रुपये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
51	88	श्री ओ० प्र० त्यागी	दिल्ली परिवहन उपक्रम को पर्याप्त वित्तीय सहायता देने में सरकार की असफलता।	100 रुपये
51	89	श्री ओ० प्र० त्यागी	दिल्ली नगर निगम को हरिजनों, रिक्शावालों तथा अन्य निर्धन लोगों की सहायतार्थ उसकी प्रार्थना-नुसार सहायता देने में असफलता।	100 रुपये
58	90	श्री ओ० प्र० त्यागी	उद्योगों का सामाजिकरण करने में सरकार की असफलता।	100 रुपये
88	91	श्री ओ० प्र० त्यागी	देश में पर्यटन केन्द्रों का समुचित विकास करने में असफलता।	100 रुपये
124	92	श्री जनेश्वर मिश्र	इलाहाबाद की श्रृंगवेर पुर जल-विद्युत् परियोजना को चालू करने में विलम्ब और लापरवाही।	100 रुपये
58	98	श्री सेझियान	देश भर में उपभोक्ताओं के हित के लिये सीमेंट उद्योग में कीमतों के वर्तमान नियंत्रण को जारी रखने की आवश्यकता।	100 रुपये
58	99	श्री उमानाथ	सीमेंट की कीमतों और वितरण पर नियन्त्रण की वर्तमान पद्धति को जारी रखने की आवश्यकता।	100 रुपये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
14	102	श्री पी० पी० एस्थोस	बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् बैंक के कर्मचारियों के कार्मिक संघ अधिकारों में कमी करने के सम्बन्ध में उपबन्धों को हटाने में असफलता ।	100 रुपये
14	103	श्री पी० पी० एस्थोस	राष्ट्रीयकृत बैंकों की गुप्त रक्षित निधियों को जब्त करने में असफलता ।	100 रुपये
14	104	श्री पी० पी० एस्थोस	सहकारी ऋण समितियों, जो गैर-सदस्यों से डिपाजिट स्वीकार करती हैं, के सम्बन्ध में परिपत्र वापिस लेने से रिजर्व बैंक का इन्कार ।	100 रुपये
14	105	श्री पी० पी० एस्थोस	बैंकिंग नीति के लोकप्रिय दिशाओं में परिवर्तन के मार्ग में रुकावट डालने में अधिकारी वर्गों का हिस्सा ।	100 रुपये
14	106	श्री पी० पी० एस्थोस	बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् निर्धन किसानों को ऋण देने में असफलता ।	100 रुपये
14	107	श्री पी० पी० एस्थोस	बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् भी लघु उद्योगों को उपयुक्त ऋण उपलब्ध न होना ।	100 रुपये
14	108	श्री पी० पी० एस्थोस	बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् सट्टेबाजी के लिए बैंकिंग निधि के उपयोग को रोकने में असफलता ।	100 रुपये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
14	109	श्री पी० पी० एस्थोस	राष्ट्रीयकृत बैंकों के अभिरक्षकों की कर्मचारी-विरोधी नीति ।	100 रुपये
14	110	श्री पी० पी० एस्थोस	राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए नये अभिरक्षकों को नियुक्त करने में सरकार की असफलता ।	100 रुपये
14	111	श्री पी० पी० एस्थोस	बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् बड़े-बड़े उद्योग संस्थानों द्वारा बैंकिंग निधि के दुरुपयोग को रोकने में असफलता ।	100 रुपये
51	112	श्री पी० पी० एस्थोस	दिल्ली में एक स्थान पर विक्रय कर लगाने की पद्धति लागू करने में असफलता ।	100 रुपये
58	114	श्री पी० पी० एस्थोस	ब्रिटिश इंडिया कारपोरेशन के मामले सम्बन्धी जांच को पूरा करने में विलम्ब ।	100 रुपये
58	115	श्री पी० पी० एस्थोस	विभाग में अधिकारी बाहुल्य प्रशासन ।	100 रुपये
58	116	श्री पी० पी० एस्थोस	समवाय कार्य विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बड़ी-बड़ी व्यापारी संस्थाओं का सम्पर्क ।	100 रुपये
58	117	श्री पी० पी० एस्थोस	औद्योगिक लाइसेंस देने की नीति सम्बन्धी जांच समिति के प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात् कार्यवाही न करना ।	100 रुपये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
67	120	श्री पी० पी० एस्थोस	नर्मदा जल विवाद का सौहार्दपूर्ण हल करने में असफलता ।	100 रुपये
67	121	श्री पी० पी० एस्थोस	नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण पर अत्यधिक व्यय ।	100 रुपये
88	122	श्री पी० पी० एस्थोस	यात्रा प्रोत्साहन योजना के नाम पर सार्वजनिक निधि का अपव्यय ।	100 रुपये
96	123	श्री पी० पी० एस्थोस	राजकोष से किये जाने वाले व्यय से सरकारी उप मुख्य सचेतकों को सभी सुविधाएं देना बन्द करने की आवश्यकता ।	100 रुपये
110	124	श्री पी० पी० एस्थोस	चौदह राष्ट्रीयकृत बैंकों को आवश्यकता से अधिक दरों पर मुआवजा देना ।	राशि घटा कर 1 रुपया कर दी जाये
110	125	श्री पी० पी० एस्थोस	विदेशी बैंकों का राष्ट्रीय करण करने में असफलता ।	राशि घटा कर 1 रुपया कर दी जाये
124	126	श्री पी० पी० एस्थोस	ग्राम विद्युत् कार्यक्रमों के लिये पर्याप्त धन की व्यवस्था करने में असफलता ।	राशि घटा कर 1 रुपया कर दी जाये
124	127	श्री पी० पी० एस्थोस	मध्यम सिंचाई योजनाओं के लिये पर्याप्त धन की व्यवस्था करने में असफलता ।	राशि घटा कर 1 रुपया कर दी जाये
58	136	श्री एस० एम० जोशी	सीमेंट नियंत्रण की वर्तमान पद्धति को जारी रखने की आवश्यकता ।	100 रुपये

सभापति महोदय : इस चर्चा के लिये दो घण्टे नियत किये गये हैं ।

श्री देवकीनन्दन पाटोदिया (जैसलमेर) : हम देख रहे हैं पिछले कुछ वर्षों से सरकारी व्यय में उत्तरोत्तर वृद्धि होती जा रही है । देश की आर्थिक अवस्था की ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया जाता है । 1950-51 में केन्द्रीय बजट 627 करोड़ रुपये का था जब कि 1969-70 में यह 4000 करोड़ रु० का हो गया है । दूसरी ओर साधारण लोगों की दशा गिरती जा रही है । उनकी दशा में सुधार करने के लिये अब तक कुछ भी नहीं किया गया है ।

इस समय देश में 1 करोड़ व्यक्ति बेरोजगार हैं । चतुर्थ योजना में भी इसका कोई समाधान नहीं किया गया है । दूसरी समस्या देश की जनता को आवास सम्बन्धी सुविधा देने की है । सरकारी अनुमान के अनुसार 8 करोड़ मकानों की कमी है । आज भी हमारे देश में 66 प्रतिशत लोग अनपढ़ हैं ।

इन सब समस्याओं के सम्बन्ध में स्थिति में सुधार करने के लिये सरकार क्या कर रही है ? सभी योजनाओं आदि को त्याग कर पहले हमें इन समस्याओं की ओर ध्यान देना चाहिये ।

अब मैं अर्थ व्यवस्था के दूसरे पहलू को लेता हूं । खाद्यान्नों के मूल्य इस कदर गिरते जा रहे हैं कि किसान अब उर्वरकों का उपयोग करना लाभप्रद नहीं समझते । दूसरी ओर सभी उपभोक्ता वस्तुओं की लागत में काफी वृद्धि हो गई है । किन्तु इसके साथ ही औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि नहीं हुई है । मांग बढ़ रही है किन्तु उत्पादन नहीं बढ़ रहा है । औद्योगिक उत्पादन के लिये स्वस्थ वातावरण नहीं है । स्वयं सरकारी क्षेत्र में ही प्रति वर्ष 3,500 करोड़ रु० लगता है और उसमें प्रतिवर्ष 35 करोड़ रु० की हानि होती है । इस क्षेत्र में और अधिक विकास नहीं हो सकता है । निजी क्षेत्र के विकास को रोका जा रहा है । हमारा निर्यात व्यापार गिरता जा रहा है । हमारी घाटे की अर्थव्यवस्था 250 करोड़ रु० से भी अधिक की होने जा रही है । यदि इस स्थिति की ओर शीघ्र ध्यान नहीं दिया जाता, तो हमें शीघ्र ही घोर मुद्रा स्फीति का सामना करना पड़ेगा । जब तक सरकार वर्तमान व्यवस्था के रुख को बदलने के लिये उपाय नहीं करेगी, हालत बदलने की नहीं है ।

श्री नीतिराज सिंह चौधरी (होशंगाबाद) : मैं सभा के समक्ष रखी गई मांगों का समर्थन करता हूं । इसके साथ ही मैं सरकार को राजस्व में हो रही हानि की ओर भी सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । वेस्पा स्कूटर का विक्रय मूल्य सब खर्च लगा कर 2886.39 रु० बैठता है ।उनका दरिया गंज डिपू प्रति स्कूटर लगभग 125 रु० अधिक ले रहा है । इस प्रकार उन्होंने 30 सितम्बर, 1969 तक की 18000 स्कूटरों की बिक्री पर 20 लाख रु० अधिक प्राप्त किया है । स्कूटर के कई पुर्जे ये अन्य निर्माता से खरीदते हैं और उन पर मोटा मुनाफा लेते हैं ।

स्कूटर निर्माता आटो रिक्शा भी बनाते हैं और उन्हें 2,000 रु० से 2,500 रु० अधिक मूल्य पर बेचा जाता है । ऐसे नगरों को आटो रिक्शाएं आवंटित की गई हैं, जहां इनका प्रयोग नहीं किया जाता है जबकि बड़े शहरों में इनकी भारी कमी है । फिर इस कम्पनी के मैनेजिंग एजेन्ट

द्वारा जो दुर्विनियोग किया जाता है, उसकी जांच होनी चाहिये । एक व्यक्ति एयर इण्डिया से भारत में आये थे और वह अपने साथ हीरे आदि लाये थे । उनका वक्तव्य फाइल संख्या ए० आई० आर० सी० यू० एस० 49/171/69 में 30 जनवरी, 1969 को दर्ज किया गया था । मुझे आशा है मंत्री महोदय इसकी जांच करेंगे ।

तीसरी बात यह है कि इस सभा में जो सदस्य चुनकर आते हैं, वे बहुत शीघ्र ही धनी बन जाते हैं । इसकी भी जांच होनी चाहिये । मेरे पास कुछ दस्तावेज हैं, यदि माननीय मंत्री चाहें तो मैं उन्हें सभा-पटल पर रख सकता हूं ।

श्री रणजीत सिंह (खलीलाबाद) : अतिरिक्त मांगें या अनुपूरक मांगें इस सभा में प्रायः लाई जाती हैं । इससे यह सिद्ध होता है कि वार्षिक बजट पूरे सोच विचार के पश्चात् तैयार नहीं किया जाता है । इस सम्बन्ध में सरकार का कोई नियोजित कार्यक्रम नहीं होता है । सरकार को चाहिये कि वह निश्चित सिद्धान्तों का पालन करके बजट तैयार करे ।

किसी भी अच्छे बजट का पहला सिद्धांत उसका लक्ष्य होता है । किन्तु दुर्भाग्य से सरकार का एकमात्र लक्ष्य कुरसी से चिपटे रहना है । सरकार को साम्यवादी कल्पना के संसार को छोड़ कर वास्तविकता के जगत में आकर लोगों के लिये योजना बनानी चाहिये ।

केवल नारेबाजी से काम नहीं चलेगा । यदि आप समाजवाद का दम भरते हैं तो अपनी अनुपूरक मांगों से भी यह भावना टपकनी चाहिये । काश इन मांगों में सरकारी कर्मचारियों को अन्तरिम राहत भी दी गई होती, किन्तु ऐसा नहीं किया गया है ।

दिल्ली में श्रेणी एक के 90 प्रतिशत अधिकारियों को मकान मिले हुये हैं किन्तु श्रेणी तीन और चार के केवल 25 प्रतिशत कर्मचारियों को ही आवास सुविधाएं दी गई हैं ।

सरकार को चाहिये कि वह अपने योजना कार्यक्रमों से ऐसे व्यक्तियों को दूर रखे जो अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिये पैसा बनाने में लगे हुये हैं । हमारे देश के आर्थिक तथा औद्योगिक विकास को सरकार ने ऐसे लोगों के हाथों में छोड़ रखा है जो सरकार के साथ भूत की तरह से चिपटे हुये हैं । क्या सरकार ऐसे लोगों के माध्यम से समाजवाद लाना चाहती है ?

इस सम्बन्ध मैं लिकंन की कुछ पक्तियों का सारांश देना चाहता हूं जो इस प्रकार है :—

"शक्तिशाली को कमजोर बनाकर आप कमजोर को शक्तिशाली नहीं बना सकते ।

अमीरों का खातमा करके आप निर्धनों की सहायता नहीं कर सकते ।

व्यक्ति की स्वतन्त्रता छीन कर आप उसके चरित्र और साहस का निर्माण नहीं कर सकते ।"

यदि सरकार इन मार्गदर्शी सिद्धांतों का पालन करे तो वह निश्चय ही एक नियोजित बजट ला सकती है ।

Shri K. G. Deshmukh (Amraoti) : Sir, I take this opprtunity to ventilate the grievances of the cotton growers. At present the position is that the entire cotton produced is lifted by the traders and the mill owners. The production of cotton comes under the Agriculture Ministry and its marketing under the Ministry of Foreign Trade while the cotton growers are sandwicthed between the Ministries. They have to move from pillar to post for the redressal of their genuine difficulties. It is ironical that on the one hand we are spending our meagre foreign exchange on the import of cotton and on the other hand making the inputs of agriculture costlier. This bumpers the production. Government should set up a cotton corporation which would purchase cotton direct from the producers. This would help stabilsing the prices of cotton.

श्री सेझियान (कुम्बकोणम) : सभापति महोदय, मैंने कटौती प्रस्ताव संख्या 98 रखा है, जिसका उद्देश्य सीमेंट की कीमत तथा उसके वितरण पर लगे हुए नियंत्रण की वर्तमान पद्धति को जारी रखना है । यह पद्धति देश के सभी उपभोक्ताओं के हित में है ।

श्री पीलु मोडी : ऐसा नहीं है ।

श्री सेझियान : वर्तमान पद्धति को जारी रखने के सम्बन्ध में सभी संसद् सदस्यों ने जो ज्ञापन तैयार किया था, उस पर इस समय 'नहीं' कहने वाले सदस्य ने भी हस्ताक्षर किये थे ।

श्री पीलु मोडी : मैंने गलती से ऐसा किया था ।

श्री सेझियान : सम्भवतया बाद में वह अपने इस विचार को भी गलत समझने लगें । स्वतन्त्र पार्टी को तथा गलती से हस्ताक्षर करने वाले दो-एक अन्य सदस्यों को छोड़कर शेष सभी व्यक्ति तथा सभी दल इस पद्धति को जारी रखने के पक्ष में हैं । मद्रास और आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्रियों और आसाम के उद्योग मंत्री ने केन्द्र को लिखा है कि इस पद्धति को जारी रखा जाए । सीमेंट उद्योग से सम्बन्धित सार्वजनिक क्षेत्र के सभी उपक्रमों ने भी ऐसे ही विचार व्यक्त किये हैं । मंत्री महोदय ने भी यह बताने की कृपा की है कि परामर्श समिति में भी बहुत से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें कहा गया है कि अभी इस सम्बन्ध में कोई निर्णय नहीं किया गया है । मैं आशा करता हूं कि अभ्यावेदन देने वाले व्यक्ति इस विषय पर पुनर्विचार करेंगे और अपनी सहमति दे देंगे ।

श्री रघुरामैया : मेरा सुझाव है कि आप परामर्श समिति का कोई विवरण न दें । ऐसी परम्परा है कि परामर्श समिति की कार्यवाही के बारे में सभा में कुछ नहीं कहा जाता ।

सभापति महोदय : आप उसका कोई निर्देश न करें ।

श्री रघुरामैया : आचार्य रंगाजी को भी मालूम है कि सभी दलों में एक समझौता हुआ था कि सभा में परामर्श समिति की कार्यवाही के सम्बन्ध में कोई निर्देश नहीं किया जाएगा ।

श्री धीरेश्वर कलिता (गोहाटी) : ऐसा कोई समझौता नहीं किया गया है ।

श्री सेझियान : मैं विवाद में पड़कर समय नष्ट नहीं करना चाहता । मैं अब भी, मंत्री महोदय से अपील करता हूं कि वह अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें क्योंकि सीमेंट पर से नियंत्रण उठाना उपभोक्ताओं के हित में नहीं है । ऐसा करने से एकाधिकारियों, बड़े-बड़े पूंजीपतियों और

एसोसियेटिड सीमेंट कम्पनी को ही लाभ पहुंचेगा। पहले ही सीमेंट उद्योग में उनके 68 प्रतिशत तक हिस्से हैं। इस सम्बन्ध में अभी केवल प्रस्ताव ही किया गया है और एसोसियेटिड सीमेंट कम्पनी ने सीमेंट के मूल्य में 6 रुपये की वृद्धि कर दी है। यदि सीमेंट से नियन्त्रण हटाया जाएगा तो अकेले एसोसियेटिड सीमेंट कम्पनी को 160 लाख रुपये का लाभ होगा। साहू जैन को 83 लाख और डालमिया को 40 लाख रुपये का लाभ होगा।

दूसरे, मैं सूखा तथा बाढ़ सम्बन्धी राहत कार्यों की चर्चा करना चाहता हूं। सभा के विद्वान सदस्य श्री रंगा ने एक बार एक लेख में लिखा था कि बाढ़ तथा सूखे सम्बन्धी राहत-कार्यों के लिए एक स्थायी आवर्ती निधि की स्थापना की जानी चाहिए। यह बहुत अच्छा विचार है और सरकार को इसे स्वीकार कर लेना चाहिए।

सूखा राहत-कार्यों के सम्बन्ध में चर्चा किये जाने से मुझे तामिल नाडू के सम्बन्ध में कही जाने वाली विभिन्न कल्पित बातों, आरोपों और गालियों की याद आ रही है। तामिल नाडू को सूखे के सम्बन्ध में राहत-कार्यों के लिए कुछ धन दिया गया था; इस पर एक माननीय सदस्य ने कहा कि द्र० मु० क० को खरीद लिया गया है। 1964 में श्री शास्त्री के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। उस समय स्वतन्त्र पार्टी के श्री दांडेकर ने सरकार का साथ दिया था। मुझे पता नहीं उस समय स्वतन्त्र पार्टी को कितने करोड़ रुपया दिया गया था ? आज तक तामिल नाडू को केवल 13 करोड़ रुपया दिया गया है।

श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी (मन्दसौर) : मुझे खुशी है कि आपने स्वीकार तो किया कि 13 करोड़ रुपया मिला था। क्या आपके दल को इससे प्रभावित नहीं किया गया है ?

श्री सेझियान : श्रीमती इन्दिरा गांधी की सरकार ने 13 करोड़ रुपया दिया था। इसमें से 3 करोड़ रुपया अनुदान के रूप में और शेष 10 करोड़ रुपया ऋण के रूप में दिया गया था। इस 13 करोड़ रुपये की पहली किस्त 19 अप्रैल को दी गई थी तथा 2 करोड़ रुपये की अन्तिम किस्त 26 सितम्बर को मिली थी और कांग्रेस में नवम्बर के मध्य में दरार आई थी। इस समय से पहले कभी यह आरोप नहीं लगाया गया था कि द्रमुक के सदस्यों को खरीद लिया गया है। अब यह आरोप केवल इसीलिए लगाए जा रहे हैं कि हमने दूसरे दल का पक्ष लिया है। यदि यह आरोप इसलिए लगाया जा रहा है कि सूखा अथवा बाढ़ सम्बन्धी राहत-कार्यों के लिए सहायता दी गई है तो यही आरोप उड़ीसा, बिहार, आन्ध्र प्रदेश, आसाम, पश्चिम बंगाल और राजस्थान के सदस्यों पर भी लगाया जाना चाहिए। इन राज्यों को भी सहायता के रूप में क्रमशः 9 करोड़ 50 लाख, 41 करोड़, 26 करोड़, 8 करोड़, 26 करोड़ तथा 50 करोड़ रुपये दिए गए थे। उत्तर प्रदेश के मुख्य मन्त्री ने आरोप लगाया है कि तामिल नाडू के सदस्यों को खरीदने के लिए 24 करोड़ रुपये दिए गए थे। किन्तु हमें केवल 13 करोड़ रुपये ही मिले हैं। मुझे प्रसन्नता होगी यदि शेष 11 करोड़ रुपये भी हमें मुख्य मन्त्री दे देते हैं। संविधान में की गई व्यवस्था के अनुसार केन्द्र द्वारा राज्यों को सहायता देना अनिवार्य है। महोदय, तामिल नाडू में भयंकर सूखा पड़ा है। लगातार दो वर्ष तक वर्षा न होने के कारण अनाज की पैदावार में 100 करोड़ रुपये की कमी हुई है। इसको कौन वहन करेगा ?

तामिल नाडू में 1 करोड़ 80 लाख व्यक्ति सूखे से प्रभावित हुए थे। 9 लाख एकड़ भूमि बंजर हो गई और अनाज में 12.75 लाख टन की कमी हुई। राज्य सरकार को 20 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि तो हुई ही, उसके साथ ही राहत-कार्यों के लिए उसे 18 करोड़ रुपये और व्यय करने पड़े क्योंकि केन्द्र शत-प्रति-शत सहायता नहीं देता। केन्द्र सरकार 75 प्रतिशत तक सहायता देती है। आप देखिए कि 3 करोड़ रुपये के अनुदान से उन्होंने द्रमुक के सभी 25 सदस्यों को खरीद लिया।

इस प्रकार के आरोप लगाने से संसदीय गणतन्त्र का भला नहीं हो सकता। श्री रंगा ने स्थायी निधि स्थापित करने का जो सुझाव दिया है, केन्द्रीय सरकार को उस पर अमल करना चाहिए और एक स्थायी वित्तीय आयोग की स्थापना की जानी चाहिए।

श्री चिन्तामणि पाणिग्रही (भुवनेश्वर) : आज आर्थिक क्षेत्र में हमें बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। ऋण की अदायगी की स्थिति को देखने पर आश्चर्य होता है। उस रकम में प्रतिवर्ष इतनी तीव्रता से वृद्धि हो रही है कि सम्भवतया भारत के लोग उसका बोझ नहीं उठा पायेंगे।

1966-67 में विदेशों से लिए गए ऋण के सम्बन्ध में अदायगी की राशि 333 करोड़ रुपये थी जो 1968-69 में 375 करोड़ रुपये और 1969-70 में बढ़कर 412 करोड़ रुपये हो गई। चौथी पंचवर्षीय योजना के प्रारूप का अध्ययन करते समय मुझे पता चला कि योजनाकाल में यह राशि 2080 करोड़ रुपये हो जाने की सम्भावना है। किन्तु मेरा विचार है कि यह राशि इससे भी अधिक होगी। हाल ही में विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा था कि सम्भवतया कुछ ही वर्षों में भारत को निर्यात से होने वाली सभी आय को अपने ऋण चुकाने के लिए, दूसरे देशों को देना होगा। 1966-67 में ऋणों की अदायगी के लिए दी जाने वाली राशि, भारत द्वारा निर्यात से कमाई जाने वाली राशि का 21 प्रतिशत बैठती थी, 1969-70 में यह 29 प्रतिशत हो गई। मेरा विचार है कि इस बात का खण्डन नहीं हो सकता कि 1973-74 तक निर्यात से कमाई गई सारी विदेशी मुद्रा का 80 प्रतिशत भाग विदेशी ऋणों की अदायगी में व्यय होने लगेगा। यदि स्थिति यही है तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कदम उठाए जाने का विचार है ?

1966-67 में 1157 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया और 1969-70 में यह बढ़कर 1406 करोड़ रुपये हो गया। आयात-निर्यात की वर्तमान स्थिति में भी व्यापार सन्तुलन हमारे प्रतिकूल है। आयात-निर्यात के सम्बन्ध में नवीनतम आंकड़े ये हैं : आयात 1972 करोड़ रुपये और निर्यात 1406 करोड़ रुपये। यदि ऋण अदायगी की यही स्थिति रही तो इतनी कठिनाई से कमाई गई विदेशी मुद्रा का उपयोग ही क्या किया जा सकेगा। हमें मालूम नहीं कि अदायगी के सम्बन्ध में सरकार ने विदेशी सरकारों से कोई बातचीत की है ? क्या उन्होंने विश्व बैंक और अन्य अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय अभिकरणों से अनुरोध किया है कि वे अदायगी के मामले में कुछ ढील दें और हमारी सरकार कितनी सफल हुई है ?

भारत की वित्तीय स्थिति खोखली हो चुकी है। मैंने कहा है कि प्रतिवर्ष भारत को ऋण चुकाने के लिए 450 करोड़ रुपया देना पड़ता है; विदेशी कम्पनियां लाभ के रूप में बहुत-सा धन बाहर भेजती हैं, तकनीकी जानकारी के आयात के लिए भी धन देना पड़ता है और रॉयल्टी तथा कच्चे तेल के आयात के लिए भी अदायगी करनी होती है। यदि इन सबको मिला लिया जाए तो यह राशि लगभग 700 करोड़ रुपये वार्षिक बैठती है।

मैं आपके विचारार्थ यह बात भी कहना चाहता हूं कि विदेशों की बहुत-सी निजी कम्पनियों ने भी यहां धन लगाया हुआ है। वे औसतन 19 से 22 प्रतिशत लाभ कमाती हैं और 'एस्सो' तथा कालटेक्स के सम्बन्ध में यह 9 से 12 प्रतिशत तक बैठता है। यदि स्थिति को सुधारने के लिए कुछ नहीं किया गया तो मुझे मालूम नहीं कि देश को आत्मनिर्भर कैसे बनाया जा सकता है? योजना का यह अर्थ नहीं कि सरकारी व्यय को पांच वर्ष के काल में फैला दिया जाए। योजना स्वतः उत्पादक होनी चाहिए, स्वतः अर्थ प्रबन्धक होनी चाहिए और उत्पादन प्रधान होनी चाहिए। किन्तु हो क्या रहा है? आपको इसे रोकना चाहिए।

अब मैं अदायगी सम्बन्धी स्थिति की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। अमेरिका के 'विजनस इन्टरनेशनल' ने कहा है कि "यद्यपि भारत में विदेशी मुद्रा की अत्यन्त कमी है किन्तु फिर भी ऋणों की अदायगी के सम्बन्ध में कुछ ही देश भारत का मुकाबला कर पायेंगे।"

एक बात कहकर मैं समाप्त करता हूं। हाल ही में उर्वरक के उपभोग में 20 प्रतिशत की कमी हुई है और कुछ महीने पहले हमने सरकार से अनुरोध किया था कि इस सम्बन्ध में वह विदेशों से आने वाले विशेषज्ञों के परामर्श पर न चले।

उर्वरक बनाने के हमारे अपने कारखाने हैं। हमें बाहर से उर्वरक मंगाने की बजाय अपने कारखानों को वैज्ञानिक ढंग से चलाना चाहिये और उत्पादन को बढ़ाना चाहिये। सरकार से मेरा निवेदन है कि अनाज तथा उर्वरकों का आयात करने से पहले देश में इनकी वास्तविक मांग का पता लगाना चाहिये।

सरकार को विदेशी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण करना चाहिये। अन्यथा ये बैंक अपनी शाखाएं लगातार खोलते जायेंगे और अपनी जमा राशि बढ़ाते रहेंगे, जिससे राष्ट्रीयकृत बैंक उनके साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकेंगे। इसलिये सरकार को इस ओर तुरन्त ध्यान देना चाहिये।

Shri Prakash Vir Shastri (Hapur) : Demand No. 45 relates to the provision of more judges. Delhi, Himachal Pradesh and Haryana are Hindi Speaking States. The High Courts of these states should be given freedom to deliver their judgments in Hindi and the hearing should also be conducted in Hindi. Such an action is necessary in the case of High Court. This arrangement should be made at least by 1970. No where it has been provided in the official Languages Acts or in the Constitution that such an arrangement can be made only when such requests are received from the High Courts. As such this matter should be given priority.

Demand No. 67 relates to the appointment of a tribunal for solving the Narmada waters dispute. The Government appoint impartial persons on such commissions and spends lakhs of rupees. When the reports of these commissions are received, they are not implemented for example, the Shah Commission report on Chandigarh has not been implemented as yet. Tension has been created in Punjab and Haryana as a result of the non-acceptance of the recommendations of the Shah Commission. My submission, therefore, is that the Government should accept the recommendations, of such impartial Commissions. Otherwise, what is the use of appointing them and wasting crores of rupees on them. In regard to Chandigarh, the best solution in my opinion will be the verdict of the residents of Chandigarh as was done in the case of territory of Goa on Demand No. 51 which relates to Delhi Municipal Corporation. I have to say that the symptoms of slavery are still seen in the capital of India even after 22 years of independence. The names of Curzan Road, Canning Road, the Irwin Hospital, the Willingdon Hospital etc. should be replaced by suitable Indian names. The Municipal Corporation should be asked to expedite this matter.

***श्री पी० पी० एस्थोस** (मुवत्तुपुजा) : अनुदानों की अनुपूरक मांगों के रूप में सबसे अधिक राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के निदेशकों की विनियोजित राशि के भुगतान के लिये मांगी गई है। इन निदेशकों को इतनी बड़ी राशि का भुगतान करने का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि पिछले अनेक वर्षों में उन्होंने लाभांश के रूप में अपनी विनियोजित पूंजी के 400-500 प्रतिशत से भी अधिक राशि प्राप्त कर ली है। क्षतिपूर्ति के रूप में इतनी बड़ी राशि का भुगतान करने की बजाय बेहतर यही होता यदि बैंकिंग अधिनियम में इस आशय का संशोधन किया जाता कि उन्हें कोई प्रतिकर नहीं दिया जायेगा या केवल 10 या 15 प्रतिशत मुआवजा ही दिया जायेगा जैसी कि संविधान में व्यवस्था है। अनेक बार यह कहा गया है कि बैंकों के राष्ट्रीयकरण से कृषकों, छोटे उद्योगपतियों तथा निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचेगा। परन्तु अभी तक उन्हें उससे कोई भी फायदा नहीं पहुंचाया गया है। यह कहा गया है कि न्यायालय में यह मामला विचाराधीन है और जब तक उसका फैसला नहीं हो जाता, कुछ लाभ नहीं हो सकता। यह फैसला कब होगा ? क्या फैसला तभी होगा जब भूखों मर रहे किसान तथा छोटे उद्योगपति मर जायेंगे ?

यह सरकार समाजवाद का नारा लगाती है परन्तु इसमें विदेशी बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का तनिक भी साहस नहीं है जिनके पास देश की अधिकतर आय जमा है।

औद्योगिक क्षेत्र में भी वही नीति अपनाई जा रही है जो पिछले 22 वर्षों से अपनाई जा रही थी। मैं केरल से आता हूं और केरल इस मामले में सबसे अधिक पिछड़ा हुआ है। पिछले वर्षों में केन्द्रीय मंत्रियों द्वारा इतने सारे वक्तव्य दिये जा चुके हैं कि केरल में यह किया जायेगा, वह किया जायेगा, आदि आदि। यह भी कहा गया था कि केरल में मिट्टी का परीक्षण करने के बाद एक जहाज निर्माण कारखाना स्थापित किया जायेगा। परन्तु दस वर्ष हो गये हैं और अभी तक मिट्टी का परीक्षण पूरा नहीं हुआ है। पालघाट में एक सूक्ष्म यंत्र कारखाना

---

*मलयालम में दिये गये मूल भाषण के अंग्रेजी अनुवाद का संक्षिप्त रूपान्तर।

*Summarized Translated version based on English Translation of Original Speech delivered in Malayalam.

स्थापित करने के बारे में निर्णय किया गया था परन्तु उसे वहां से किसी अन्य स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया गया है। नेरिया मंगलम में, जो कि मेरा निर्वाचन क्षेत्र है, फाइटो केमिकल कारखाने के लिये श्री जार्ज थामस नाम के व्यक्ति से 8.75 लाख रुपये में भूमि प्राप्त की गई थी परन्तु इस कारखाने को भी अन्यत्र स्थानान्तरित कर दिया गया है जिससे राज्य सरकार को 8.75 लाख रुपये की हानि हुई है। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं। मैं जानना चाहता हूं कि क्या अब भी सरकार पिछड़े राज्यों की सहायता करने के लिये कोई योजना बना रही है ? 19 सितम्बर की हड़ताल के सम्बन्ध में केरल में सबसे अधिक कर्मचारियों की छंटनी की गई थी। उनसे बदला लेने की दृष्टि से एर्नाकुलम के विभागीय डाक अधीक्षक ने आदेश जारी किये हैं कि चिकित्सा अवकाश उसी स्थिति में मंजूर किया जायेगा जब आवेदन पत्रों के साथ ऐसे डाक्टरों के डाक्टरी प्रमाणपत्र लगे हुए हों, जिन्हें उनकी स्वीकृति प्राप्त है। गृहकार्य मंत्री द्वारा संसद् में दिये गये वक्तव्य के बाद भी उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। देश के बहुत से राज्य पानी सम्भरण तथा विद्युतीकरण के मामले में पिछड़े हुए हैं। 14.25 करोड़ रुपये की इस राशि से जो राष्ट्रीयकृत बैंकों के अंशधारियों को प्रतिकर देने के लिये मांगी जा रही है, कम से कम 100 गांवों का विद्युतीकरण किया जा सकता है और 10 सिंचाई योजनाएं आरम्भ की जा सकती हैं। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार ऐसा प्रस्ताव लाने का विचार करेगी।

कोचीन में केन्द्रीय सरकार के हजारों कर्मचारी रहते हैं। पिछले कई वर्षों से कोचीन में बसे हुए सरकारी कर्मचारी तथा केरल के संसद् सदस्य यह मांग करते रहे हैं कि कोचीन का दर्जा बढ़ाया जाये। हालांकि कोचीन से छोटे शहरों का दर्जा बढ़ा दिया गया है, परन्तु कोचीन का दर्जा नहीं बढ़ाया गया है।

श्रीमती इला पालचौधरी (कृषनगर) : पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्रालय सम्बन्धी मांग संख्या 88 के सम्बन्ध में मुझे प्रसन्नता है कि यातायात संवर्धन योजना कार्यान्वित की जा रही है। कुवैत एयरलाइन्स अपने किरायों में कमी करके यात्रियों से काफी लाभ कमा रही थी। एयर-इंडिया 7000 राउंड ट्रिप टिकट की योजना को कार्य रूप देने जा रही है। इससे अधिक यात्री आकृष्ट किये जा सकेंगे और सरकार को अवश्य ही कुछ आय होगी। कलकत्ता से कूच बिहार और पोर्ट ब्लेयर जैसे कुछ मार्ग गैर-सरकारी विमान कम्पनियों को दिये जाने के समाचार को सुन कर हमारे विमान चालकों ने हड़ताल करने की धमकी दी है। मैं मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि क्या ऐसा किया जा रहा है। हमें ऐसा करने की क्या आवश्यकता है ? मुझे आशा है कि ये मार्ग गैर-सरकारी विमान कम्पनियों को नहीं दिये जायेंगे।

बागडोगरा हवाई अड्डे पर सैनिक अधिकारियों का नियंत्रण है परन्तु असैनिक उड्डयन भवन असैनिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन है। उन भवनों की हालत बहुत खराब है। उनकी देखभाल अच्छी तरह की जानी चाहिये। दूसरी बात यह है कि दार्जिलिंग जाने वाले यात्रियों को बागडोगरा हवाई अड्डे पर जो चाय दी जाती है, वह बहुत ही खराब होती है, जबकि

उसे दार्जिलिंग चाय कह कर पिलाया जाता है। इस तरह से पर्यटन तथा भारतीय चाय के निर्यात को कैसे बढ़ाया जा सकता है ? वहां पर अच्छी चाय उपलब्ध करने की दिशा में तुरन्त कार्यवाही की जानी चाहिये।

Shri S. M. Joshi (Poona) : There are a number of Supplementary Demands made in connection with implementing the scheme of nationalisation of Banks. I welcome and support the measure but I would insist that this measure, which is said to be the first step towards socialism should be made effective with greater efficiency and speed so as to benefit the common man in the country. The poorer communities in the country should get their dues out of it.

Now, I want to put a question to the Hon. Minister. I would like to know who would be appointed as Secretary, Jt. Secretary, Additional Secretary etc. in the Establishment Department for which Rupee five lakhs and 70 thousand have been demanded. I am told that certain persons will be taken from the Ministry of Finance. There has always been a complaint in this House that the Government appoints I. C. S., I. A. S., I. F. S. and I. P. S. officers in the Public Sector Undertakings. These officers do not know anything about the working of these undertakings

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Deputy Speaker in the Chair]

I therefore suggest that the Government should have an independent All India Economic Service comprising of well experienced people from different industries and trades etc. We do not want such people who have no living or interest for socialism. Therefore, we should have at least some persons in each Departments who are committed to Socialism and who are determined to bring it about. The Congress has prepared a 10 point programme which can meet the basic requirements of people, viz food, clothing, lodging, etc. by 1975. Then, there is no opposition to this programme from any corner. Why should not we, start it immediatly and let people know that we are doing what we are committed to and what people of our country desire ? Today, the country is facing the grave problem of unemployment. I suggest that you should determine one or two districts from each State and give work to the people of these districts. This work should be taken up on war basis. Only then you will be able to do something constructive. Gradually this will gain momentum and expansion. Thus you will be able to achieve your goals at least upto 1977 if not upto 1975.

Similarly, you can take up the housing problem. For this purpose interest of class IV employees should be watched. In Patna, there are about 15,000 scavengers whereas there are not even 205 houses for dwelling. Such is the wretched condition of these people, particularly during the Gandhi Centenary Year and still we claim that we are marching towards socialism. Are the Government, prepared to give an assurance that by 1970, every employee working in the conservancy Department, whether in a Corporation, Municipality or town-areas, will not be kept homeless. It matters little if he is given even a small hut ?

We talk of giving facilities to the farmers but still the Land Reform Act has not been passed properly. Several states have not adopted this measure. If there is any difficulty in passing the Law in this Session let there be an Ordinance after this Session and assure the farmers that they will not he evicted from their lands, and that necessary police help will be given to them for their safety.

People are very much in favour of Bank Nationalisation, and any step taken in this direction will put in more enthusiasm among the masses, and nevertheless the people should get the desired benefits of this measure, otherwise people will feel very much discouraged.

The Government should clarify their stand about it.

*श्री तेन्नेटि विश्वनाथम् (विशाखापतनम्) : सर्व प्रथम मैं मांग संख्या 110 के बारे में बोलना चाहता हूं । जहां भूतपूर्व बैंकिंग कम्पनियों को 24 करोड़ रुपया दिया जाना है, वहां चालू वर्ष के खर्च के लिये लगभग 14 करोड़ रुपया मांगा गया है । यह ठीक है हम सबने बैंकों के राष्ट्रीयकरण का समर्थन किया है, परन्तु यदि सरकार इस सम्बन्ध में आगे की अपेक्षित कार्यवाही नहीं करेगी तो इससे इसकी मर्यादा को चोट पहुंचेगी और यह देश के हित में नहीं होगा । सरकार की इस कार्यवाही का हमने इस उद्देश्य से समर्थन नहीं किया था कि केवल इस कार्यवाही से 22 वर्ष से त्रसित लोगों की सभी कठिनाइयां दूर हो जायेंगी, अपितु इसलिये कि यह अच्छी कार्यवाही थी और इसके परिणाम अच्छे होंगे । हम केन्द्र में स्थाई सरकार चाहते हैं । सरकार को भी अब आगे की कार्यवाही करने में इसी तरह उत्साह तथा दृढ़ता का प्रदर्शन करना चाहिये, जैसा बैंकों का राष्ट्रीयकरण करते समय किया गया था । सरकार के लिये परीक्षा की घड़ी है । यदि सरकार इस सम्बन्ध में ढीली पड़ेगी तो इसकी मान-मर्यादा खतरे में पड़ जायेगी ।

हमने सरकार की इस कार्यवाही का केवल इसलिये समर्थन किया था कि इससे देश में लोगों को सुविधायें उपलब्ध होगी तथा उन्हें सुख-समृद्धि प्राप्त होगी । परन्तु यदि सरकार सोचे कि क्योंकि उसे काफी बहुमत प्राप्त है और वह चाहे जो करे तो एक दिन यह सरकार कठिनाई में फंस सकती है ; और वह दिन देश के लिये भी एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन होगा । आज देश के लोगों की दशा बड़ी दयनीय है । न रहने को मकान है, न खाने को पर्याप्त भोजन । गांवों तथा नगरों में पेय जल तथा सफाई की स्थिति बड़ी ही शोचनीय है । अनेक बड़े-बड़े नगरों में भी यही स्थिति है । प्रत्येक व्यक्ति की मूल भूत आवश्यकता दो जून का भोजन, पीने योग्य जल तथा रहने योग्य मकान तथा सफाई और अन्य सुविधायें हैं । ये सुविधाएं आप उन्हें दें और फिर आप पायेंगे कि चारों ओर फैली यह अनुशासनहीनता आदि की प्रवृति स्वतः ही समाप्त हो जायेगी । सरकार इस धनराशि को उचित परियोजनाओं में लगाये, ताकि सामान्य नागरिक को लाभ पहुंचे । मैं जानता हूं कि यह मामला अभी सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष निर्णयाधीन है परन्तु फिर भी सरकार इस धनराशि को अच्छी-अच्छी परियोजनाओं में लगाने को स्वतन्त्र है । सरकार को इस सम्बन्ध में विलम्ब नहीं करना चाहिये । इन परियोजनाओं में सामान्य जनता की बेरोजगारी दूर करने में पर्याप्त मात्रा में भोजन, पेय जल तथा आवास की सुविधाएं शामिल की जानी चाहिये । तभी लोगों की स्थिति में सुधार हो सकेगा और यह सभा प्रसन्नता अनुभव करेगी ।

सरकार को लोगों के उत्साह का पूरा लाभ उठाना चाहिये । हम सरकार की हर उस कार्यवाही का समर्थन करेंगे जो कि सामाजिक असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से की जायेगी । देश भी इसमें सरकार को सहयोग देगा । परन्तु सरकार को इस सम्बन्ध में ढिलाई से कार्य नहीं करना होगा अन्यथा वह अपना यश खो देगी ।

---

*तेलगु भाषा में दिये गये मूल भाषण के अंग्रेजी अनुवाद का संक्षिप्त हिन्दी रूपान्तर ।

*Summarized Translated version based on English Translation of Original Speech delivered in Telugu.

गांवों में रहने वाले 60 प्रतिशत लोगों को पेय जल उपलब्ध नहीं होता है। उन्हें इसके लिये दो-दो-तीन-तीन मील दूर घड़े उठा कर ले जाना पड़ता है। अनेक गांवों में तो कुएं भी नहीं हैं। हमारे देश में अनेक नदियां हैं और हम उनका लाभ उठा कर सभी को पेय जल की सुविधा दे सकते हैं। इसके लिये बूस्टर पम्पों आदि की स्थापना की जानी चाहिये। यह बड़ी लज्जा की बात है कि जिस देश में गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा तथा कावेरी जैसी नदियां बहती हों, परन्तु फिर भी लोग पेय जल के लिये तरसें। यह बड़ा ही महत्वपूर्ण प्रश्न है तथा सरकार को इस बारे में अत्यधिक ध्यान देना चाहिये।

अत: सरकार ऐसी परियोजना तैयार करे जिससे सामान्य लोगों की समस्याएं हल हो सकें। लोग और हमारी संसद् इस बारे में सरकार को पूर्ण सहयोग देने को तैयार हैं। सरकार को इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिये लालायित रहना चाहिये। मैं एक बार फिर चेतावनी देता हूं कि सरकार सुस्ती से काम न ले। लोग नियमों आदि की अड़चनों की परवाह नहीं करते उन्हें तो काम से मतलब होता है। आप बाधा डालने वाले नियमों को बदल डालिये, प्रक्रियायें बदल दीजिये ताकि समयानुसार आप कार्यवाही कर सकें, जिससे कि देश के लोगों को खुशहाली प्राप्त हो। सरकार यदि निस्वार्थ भाव से, ईमानदारी तथा सद्भावना से कोई कार्य करेगी तो निश्चय ही देश के लोगों की दशा में सुधार होगा

Shri Prem Chand Verma (Hamirpur) : First of all I would draw the attention of the Hon. Minister towards demand No. 67 which refers to the special commission of enquiry and the Tribunal. You spend money on this setting up of Commission and Committees but you do not get the advantages of their recommendations. Their recommendations are never implemented. You appointed Shah Commission but did not implement all its recommendations and the result is that we are now facing the issue of Chandigarh. In regard to Himachal Pradesh also the Shah Commission had said something. But we were dealt with injustice. The water Disputes Tribunal should have covered Bhakra Nangal issue also. Bhakra Dam has caused us great harm to our people. Delhi is getting power from Bhakra but we are still in the dark. I therefore, request that this issue should be referred to the Tribunal. Let this Tribunal hear all the concerned States and give its decision.

Demand No. 88 pertains to the Ministry of Tourism and the development of tourism. You are spending a lot of money for encouragement of tourism in big cities. But it is of no use. You should encourage it at hilly places. During Summer many people go to hilly areas. You should endure to provide adequate facilities there so that the people are encouraged to go to those places. You should provide good roads, good lodging so as to make those places good tourist centres. The Ministry of Tourism should pay their attention towards Dharmshala, Palampur, Kullu, Manali etc.

Then, as regards Delhi Municipal Corporations, I do not object if you give grants and loans to it, but let me say that this Corporation has now been turned into den of corruptions. I do not know why. It is better if you call Delhi Municipal Corporation as the Delhi Corruption Corporation. The Government should pay adequate attention towards the affairs of the D. M. C. This Corporation is unable to give adequate water, electricity, good roads etc. in the capital. This body may be given enough help but it should ensure all the civic amenities to the people here. The funds of this Corporation should not be wasted.

As regards Judges and connected Staff, it is quite distressing that whereas the number of Judges is on constantly increasing, the cases are getting old. There are cases more than 30 years old which are still pending decision. No attention is being paid for the early settlement of these cases. There should be a maximum time limit for decision in each case. The delay in these matters causes great hardships to the Justice seekers. I request you to make provision for early Justice at less cost.

* **श्री मंगलाथुमाडोम** (मवेलिक्करा) : स्वाधीनता प्राप्ति के 22 वर्ष पश्चात् इतनी देरी से कुछ दिन पूर्व एकाधिकार विधेयक पास हुआ है मगर बड़े आश्चर्य की बात है कि फिर भी सरकार एकाधिकारियों तथा बड़े बड़े उद्योगों के साथ अवैध रियायत बर्त रही है। वर्तमान केरल राज्य की यात्रा करते समय महात्मा गांधी ने कहा था कि अंग्रेजों के भारत छोड़ने के बाद सारे देश की बेरोजगारी की समस्यायें हल हो जायेंगी। परन्तु आप जानते हैं कि आज केरल में क्या हालत है।

सरकार ने हजारी रिपोर्ट प्राप्त होने के बावजूद बिड़लाओं को 27 औद्योगिक लाइसेंस दिये हैं। इससे स्पष्ट है कि केन्द्र सरकार ने हजारी रिपोर्ट को किस तरह लागू किया है। इससे सरकार की दयानतदारी पर सन्देह होता है।

औद्योगीकरण के बारे में सरकार एक बेकायदा नीति का पालन कर रही है। जिन राज्यों में पहले ही बड़े स्तर पर औद्योगीकरण किया जा चुका है वहां और अधिक उद्योग लाइसेंस दिये जा रहे हैं परन्तु जो राज्य उद्योगों के लिये तरस रहे हैं उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। केरल को ही लीजिये। वहां पालघाट में एक सूक्ष्म औजार फैक्टरी तथा कोचीन में एक शिपयार्ड खोलने का केन्द्र सरकार ने जोर-दार शब्दों में वायदा किया था। 1964 में राज्य के सभी दलों ने संयुक्त रूप से इस सम्बन्ध में विलम्ब के विरोध में प्रदर्शन भी किया था। अब शिपयार्ड तो बनाया ही नहीं जा रहा बल्कि उसके स्थान पर एक गोला बारूद कारखाना स्थापित किया जा रहा है। सरकार की ऐसी क्रियाओं से लोगों के दिलों में सन्देह पैदा होता है।

देश के लिये सर्वाधिक विदेशी मुद्रा केरल द्वारा कमाई जाती है। रबड़ के मामले में उसे प्राय: एकाधिकार प्राप्त है परन्तु फिर भी वहां रबड़ तैयार करने का कोई कारखाना नहीं है। केरल के दो मन्त्रियों ने वित्त मन्त्री से भेंट करके बताया था कि यदि 100 करोड़ खर्च किये जायें तो केरल अपने मछली उद्योग का विकास कर सकता है तथा यदि वहां शिपयार्ड चालू कर दिया जाये तो वहां के युवक जो कि आजकल बेकार बेरोजगार केरल की गलियों में भटकते फिरते हैं उन्हें इस उद्योग में लगाया जा सकता है ; मगर केरल के मंत्रियों तथा जनता द्वारा कई अभ्यावेदन दिये जाने पर भी अभी तक कुछ नहीं किया गया। उल्टे, वहां शिपयार्ड के स्थान पर एक गोला बारूद कारखाना खोला जा रहा है। यह बड़ी आपत्तिजनक बात है।

---

* मलयालम भाषा में दिये गये भाषण के अंग्रेजी अनुवाद का संक्षिप्त हिन्दी रूपान्तर।

*Summarized Translated version based on English Translation of original speech delivered in Malyalam.

Shri Randhir Singh (Rohtak) : I would like to speak on Demands Nos. 14, 58, 67, 88, 110, 112 and 125.

I want to draw the attention of the House to the most important issue faced by the country today about which Hon. Shri Prem Chand Verma and Shri Prakash Vir Shastri have also expressed their opinion. For the first time, I am compelled to feel that the 55 crores people of the country are doing injustice to 96 lakh people of Haryana. Is it not a matter of great surprise that the judgement given by the highest judiciary of the country and also by two top most I. C. S. Officers is not honoured by the Government ? Is it not quite astonishing that the judgement of the senior most Judge of the Supreme Court has not been implemented ? This is definitely an insult of the judiciary as also of the State of Haryana. If it is, nobody would like to become the Chairman or member of any Board or Commission etc. I want to know why such a step motherly treatment with Haryana only ? What are the reasons for which the recommendations of the Shah Commission on the issue of Chandigarh have not been implemented even after 3 years ? Is it due to the fact that we Haryanvis are courageous, brave, patriotic and not those who harass or threaten the Government ?

But, there is some limit to the patience. We have very brave Jawans who saved the country from the Chinese and Pakistani aggressions. Haryana people are the sons of Mangal Pandey who had shaken the mighty British Empire. 40 thousands of our soldiers sacrificed their lives while working in I. N. A. The soldiers of Haryana have won the highest awards of bravery for their gallant deeds in the battle fields.

Here the point is why the decision of a very Senior Judge of the Supreme Court is not honoured ? What is the obstacle therein ? The subject is being made a political issue which is not at all warranted. Here the decision is required to be made on merit. I have repeatedly asked for an open debate in this House on this issue. Why people talk a story in this matter ?

Let this issue be assessed from any point of view, justice, law, constitution, moral or anything, that Chandigarh should go to Haryana. Shah Commission had no feeling of favouritism for Haryana. They have given their decision on merits of the case. Why it is not implemented ?

Why should we now agree to the suggestion that there should be an opinion-poll ? Why do the Government appoint Commissions if they are not given any importance.

As regards, Chandigarh, sixty per cent of its population is Hindi-Speaking. Kharar area has already been given to Punjab. Here also the sixty five per cent population is Hindi-speaking. In the Middle, Matric and Higher Secondary Schools, in Chandigarh eighty per-cent students have opted for Hindi Medium for their examinations. Out of a total of 12,500 plots, only 2,500 plots are with the Punjabi-speaking people and the rest are with the Hindi speaking people.

It is quite clear from the election of an Hon. Member from Chandigarh to this august House that the people of Chandigarh are in favour of Chandigarh being given to Haryana. Besides, the highest judicial body has also given its verdict that Chandigarh should go to Haryana.

Eighty per cent water of Bhakra was to be given to Haryana but only thirty per cent has been given and the rest, seventy per cent has gone to Punjab. This is sheer injustice. Similarly in regard to high posts, such as secretary, judges, Governor or Vice-Chancellor,

Haryana was never given its due share. If it is thought that the people of Haryana are week and will go on submitting to these injustices it is very wrong impression. It is high time for the Government to realise the feeling of the people of Haryana and implement the recommendations of the Shah Commission. Otherwise they will be left with no alternative expect to revolt.

संसद कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री रघुरामैया) : निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस विषय को 5 बजे समाप्त हो जाना चाहिए। अनुदानों की अनुपूरक मांगों (मनीपुर) तथा अनुदानों की अनुपुरक मांगों (बिहार) के लिये एक-एक घन्टे का समय निर्धारित किया गया था। विपक्षी दलों के कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया है कि इस विषय के लिये आधे घन्टे का समय बढ़ाया जाये। अत: यह विषय साढ़े पांच बजे पूरा हो जायेगा। इस बात पर सहमति हो गई है कि अनुदानों की अनुपूरक मांगों (मनीपुर) को बिना चर्चा के पारित कर दिया जायेगा और अनुदानों की अनुपूरक मांगों (बिहार) को साढ़े पांच बजे चर्चा के लिये लिया जायेगा और साढ़े छः बजे पारित कर दिया जायेगा।

Shri K. M. Madhukar (Kesaria) : The Demands for supplementary Grants do not reflect any change in Government's financial policy. There is no impression given about Ten Point Programme. It also does not include any demand for the assistance of the backward areas. As regards nationalisation of banks, it is not understood why compensation is being paid to them. If at all the compensation is to be paid then why have the whereby banks been excluded ?

So far as irrigation is concerned, there is great need for early completion of the Gandak Canal in Bihar. The Land of farmers has been acquired for this purpose but they are not getting any water. If some arrangement is not made whereby the farmers get water, the situation may take serious turn there. Along with the Gandak Canal, there are two other projects in the State, namely Bagmati and Adhwara. If these three projects are completed, nearly 60 lakhs tons of foodgrains will become available for the country.

The question of Rajasthan Canal also needs careful consideration. Since Rajasthan is always in the grip of famines and droughts, the work of the Rajasthan Canal should be completed as early as possible so that the production of foodgrains may be increased.

The Government always talks about socialism but what have they done for the people belonging to lower income group ? In these supplementary demands also money has been asked to pay to the high officers. But no attention is being paid to the difficulties of the non-gazetted and class IV employees. Similarly there is nothing in the budget to indicate that Government propose to do anything for the backward and landless people of the country. In Bihar the peasants are fighting for land rights and thousands of cases are pending in courts. These cases should be decided expeditiously so that the peasants are saved from unnecessary harassment.

Shri Newal Kishore Sharma (Dausa) : I would like to speak on Demand Nos. 88, 124, 110 and 112. Rajasthan has a special political, geographical and historical importance. A large part of Rajasthan has always been facing famines and droughts. Last year 24 districts out of 26 districts were under the grip of serious famines and this year also 10 districts are famine affected. In order to rid the people from famine and to step up the tempo of develop-

ment there, it is necessary that more and more money should be spent there. But the State Government is faced with serious financial difficulties due to the recurring famines and similar other troubles. The development of Rajasthan has come to stand-still. Therefore, the Central Government should come to the rescue of the state and to give special assistance to it.

The Rajasthan Canal Project is likely to go a long way in solving the country's food problem. Originally it was started as a Central Project but later on it was transferred to the State Government which cannot complete it even in the next 10 years. As long as this project is not completed the problem of famines will continue cause troubles to the people of the state. Therefore, the Central Government should take up the work of Rajasthan Canal and complete it as soon as possible.

श्री हेम बरुआ (मंगलदायी) : यह बजट देश की समस्याओं को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया। देश में बेरोजगारी उत्तरोत्तर तेजी से बढ़ती जा रही है। अत: बेरोजगारी को दूर करने तथा देश को सम्पन्न बनाने के लिये देश के पिछड़े तथा अल्प विकसित भागों में उद्योगों की स्थापना की जानी चाहिए ।

मैं मनीपुर के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं क्योंकि वहां की मांगों पर चर्चा स्थगित कर दी गई है। वहां राष्ट्रपति का शासन लागू होने के कारण उस राज्य की मांगों पर यह चर्चा करनी पड़ रही है। कांग्रेस के दो पक्षों के बीच विवाद के कारण राष्ट्रपति का शासन वहां पर लागू करना पड़ा ।

मनीपुर के लोग यह मांग कर रहे हैं कि उस राज्य को पूरे राज्य का दर्जा दिया जाये। किन्तु सरकार इस मांग को गोली के बल पर और शक्ति के बल पर दबा रही है। सरकार द्वारा गोली चलाये जाने के कारण अनेक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। प्रधान मंत्री की सितम्बर को इम्फाल की यात्रा के दौरान लोगों ने उनसे पूछना चाहा कि क्या मनीपुर को पूरे राज्य का दर्जा दिया जायेगा किन्तु इसका उत्तर उन्हें गोली से दिया गया।

मनीपुर राज्य के औद्योगिक विकास के लिये अब तक कोई भी ठोस कार्य नहीं किया गया है। इसके लिये यह तर्क दिया जाता है कि वहां पर कच्चा माल उपलब्ध नहीं है इसलिये वहां पर उद्योगों की स्थापना नहीं हो सकती। इस तर्क में कोई सार नहीं है। आसाम में तेल मिलता है किन्तु वहां पर कोई तेल शोधक कारखाना नहीं है।

यदि सरकार वास्तव में समाजवाद में विश्वास रखती है तो देश के क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिये ठोस कदम उठाये जाने चाहिए। किन्तु हम देखते हैं कि इस सम्बन्ध में सरकार कुछ भी नहीं कर रही है। सरकार को इस समस्या पर इस ढंग से विचार करना चाहिए जिससे मनीपुर के उद्योगों सम्बन्धी असंतुलन को दूर किया जा सके और मनीपुर का विकास किया जा सके ।

जहां तक लोकप्रिय सरकार का सम्बन्ध है, यह सच है कि वहां पर विधान सभा भंग नहीं की गई परन्तु जिस व्यक्ति को बहुमत प्राप्त है, उसे सरकार बनाने की अनुमति भी नहीं दी गई।

श्री एम० मेघचन्द्र (आन्तरिक मनीपुर) : सभा को पता है कि मनीपुर में 16 अक्तूबर, 1969 को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था और तब से वहां नौकरशाही और पुलिस का शासन चल रहा है। नौकरशाही शासन ने मनीपुर में कई अप्रत्याशित समस्याओं को जन्म दिया है। क्रान्तिकारी सरकार के बहाने से अथवा कुछ अन्य बहानों से लोगों को गिरफ्तार और नजर बन्द किया जा रहा है, विद्यार्थियों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है और पहाड़ियों में पुलिस बल तथा सैनिकों द्वारा तबाही की स्थिति पैदा की जा रही है आपको यह सुनकर हैरानी होगी कि मनीपुर के उखरूल क्षेत्र में 8वीं गार्ड आर्मी लोगों को बहुत अधिक कष्ट दे रही है। वे लोगों को खेल के मैदान में एकत्र करके उनको उल्टा लटका रहे हैं।

इतना ही नहीं इनमें से कुछ लोगों को सेना शिवरों में लगातार एक महीने तक रोक लिया जाता है। जब पुलिस द्वारा काम अपने हाथ में लिया जाता है और सैनिकों द्वारा गलत काम किये जाते हैं तो हमें विश्वास नहीं होता कि मौलिक अधिकारों की रक्षा की जायेगी। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि मनीपुर के विकास कार्यालय को सुरक्षा आयुक्त तथा पुलिस इन्सपेक्टर जनरल द्वारा अपने हाथ में ले लिया गया है। यह लज्जाजनक है कि विकास कार्यालयों को पुलिस स्टेशन के अन्दर लाया जाता है। हम विकास और समाजवाद की बातें कर रहे हैं लेकिन यह क्या हो रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में विकास कार्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा किया जा रहा है। आप सुरक्षा सैनिकों को जानते हैं, उनके पास बहुत सा लेखा बाध्य तथा बिना लेखा परीक्षा किया धन है। मुझे बताया गया है कि मुख्य आयुक्त ने इन सुरक्षा सैनिकों के साथ सांठगांठ करके एक बड़ी धन राशि एकत्र कर ली है।

अतः स्वाभाविक रूप से हमें कहना पड़ेगा कि नौकरशाही का यह शासन समाप्त होना चाहिए। और जितनी जल्दी इसे समाप्त किया जायेगा उतना अच्छा होगा।

और भी कई बातें ऐसी हैं जिनके सम्बन्ध में मनीपुर के लोग समझते हैं कि उनकी अपेक्षा की गई है। वहां कोई उद्योग नहीं है। यहां तक की चौथी पंचवर्षीय योजना में केवल 50 लाख रुपये नियत किये गये हैं, वह भी तकनीकी आर्थिक सर्वेक्षण के लिये।

कलकत्ता में एक सम्पर्क-गृह है जिसे मनीपुर हाउस कहते हैं। नौकरशाह कहते हैं कि यह सम्पर्क गृह सरकारी अधिकारियों के लिये है न कि जनता अथवा निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिये। एक सरकारी नौकर वहां केवल 2.50 रुपये देकर ठहर सकता हैं जबकि एक संसद सदस्य को 20 रुपये देने पड़ते हैं। इस प्रकार नौकरशाही शासन चल रहा है।

हमें मनीपुर की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। इन शब्दों के साथ मेरा अनुरोध है कि मनीपुर में राष्ट्रपति शासन समाप्त किया जाना चाहिये, मध्यावधि चुनाव किये जायें और मनीपुर को पूरे राज्य का दर्जा दिया जाय।

श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी (मंदसौर) : यह खेद की बात है कि राष्ट्रीय बैंकों के अंश-धारियों को विशेषतः प्रत्येक अंशधारी को देय 5,000 रुपये की राशि, मुआवजे के समय देने से

विलम्ब किया जा रहा है। अत: मंत्री महोदय यह सुनिश्चित करें कि एक महीने के अन्दर प्रत्येक अंशधारी को 5,000 रुपये दिये जायें और शेष राशि 31 मार्च, 1970 से पहले चुका दी जाये।

बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद की कार्यवाही में अनावश्यक विलम्ब किया जा रहा है। इसके लिये सरकार यह तर्क देती है कि यह मामला भी उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन है। किन्तु सरकार उच्चतम न्यायालय से राहत देने की अनुमति मांग सकती है और जिन महत्वपूर्ण कार्यों में विलम्ब नहीं किया जा सकता, उन्हें आरम्भ किया जाना चाहिए। उदाहरणार्थ बैंक ढांचे के पुनर्गठन की योजना अविलम्ब सभा के सम्मुख लाई जानी चाहिए। केन्द्रीय बैंक बोर्ड गठित किया जाना चाहिए और उसके गठन की शीघ्र घोषणा की जानी चाहिए। बैंक बोर्डों का भी पुनर्गठन किया जाना चाहिए और बैंक सम्बन्धी नीति का भी पुनरीक्षण किया जाना चाहिए। ऋणों के सम्बन्ध में निर्णय लिये जाने में शीघ्रता न होने से बैंकों के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बैंक के राष्ट्रीयकरण के समय यह आश्वासन दिया गया था कि कम तथा मध्यम आय वर्ग के लोगों को बैंकों से ऋण दिया जायेगा। मंत्री महोदय को इस पहलू पर विचार करना चाहिए और इस योजना की क्रियान्विति के लिये शीघ्र कार्यवाही की जानी चाहिए।

अभी हाल तक थोक मूल्य सूचकांक लगभग 225 था। किन्तु अकस्मात हमें बताया गया है कि यह घटकर 160 हो गया है : यह वित्त मंत्रालय के विशेषज्ञों द्वारा हिसाब में हेर फेर करने का एक उदाहरण है। बिना संसद की अनुमति के आधार वर्ष 1952 से बदल कर 1962 कर दिया गया है। क्या इस तरह मूल्य सूचकांक कम करना उचित है। थोक सूचकांक का आधार वर्ष बदलने के लिये सरकार को विधिवत एक अधिसूचना जारी करनी चाहिए थी। मंत्री महोदय को थोक मूल्य सूचकांक के लिये फिर से आधार वर्ष 1952 मानना चाहिए जिससे मूल्य सूचकांक सही मालूम हो सके और लोगों को यह पता लग सके कि उनकी स्थिति क्या है और पैसे का वास्तविक मूल्य क्या रह गया है।

